1	2	3	4
118.	M-8	6069	Mountaineering
119.	M-9	5736	Trekking
120.	M-10	5852	Trekking
121.	Mulkila (M 04)	6517	Mountaineering
122.	T-l	5669	Trekking
123.	T-2	6035	Mountaineering

The House then adjourned for lunch at one minute past one of the clock.

The House reassembled after lunch at two of the clock,

MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Bhupender Yadav to move the Motion of Thanks on the President's Address.

श्री भूपेन्द्र यादव (राजस्थान): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि राष्ट्रपति के प्रति निम्नलिखित रूप में कृतज्ञता ज्ञापित की जाए:-

"राष्ट्रपति ने 31 जनवरी, 2020 को संसद की दोनों सभाओं की संयुक्त बैठक में जो अभिभाषण दिया है उसके लिए राज्य सभा के वर्तमान सत्र में उपस्थित सदस्य राष्ट्रपति के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।"

माननीय उपसभापति महोदय, माननीय राष्ट्रपति जी का अभिभाषण किसी भी सरकार के संकल्प, योजना, कार्यपद्धति और दर्शन को प्रस्तुत करता है। प्रधान मंत्री, माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पांच वर्ष का एक सफल कार्यकाल पूरा करने के बाद जनता ने इस सरकार को पुन: जनादेश दिया। विगत पांच वर्षो में जिस मज़बूत नींव को रखकर भारत आगे बढ़ा है, उसको इस सदी के मज़बूत भारत के रूप में आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने इस अभिभाषण के माध्यम से अपना संकल्प रखा है। मज़बूत भारत बनाने का अर्थ है एक ऐसा भारत, जो पुरातन संस्कृति से जुड़ा हुआ हो, पर वह इक्कीसवीं सदी के अनुकूल भी हो। एक ऐसा भारत, जिसमें पुरानी समस्याओं का समाधान हो, तो विकास की नई इमारत भी खड़ी की जाए। एक ऐसा भारत जिसमें गरीब, अवसर मिलें और हर क्षेत्र का विकास करते हुए विश्व मंच पर भारत को ऊंचाइयों पर

पहुंचाया जाए। मैं यह कहना चाहूंगा कि सरकार ने अपनी नीति, नीयत, कार्य-योजना और कार्यपद्धति में समाज के सभी वर्गों को आगे बढ़ाने का काम किया है।

महोदय, अभी हाल ही में देश में विशिष्ट सेवाओं के लिए पद्म पुरस्कार दिए गए। 2014 के बाद हमें जो देखने में आया है कि अब देश में जो पद्म पुरस्कार दिए जाते हैं, वे कैसे लोगों को दिए जाते हैं, यह बताने के लिए मैं कुछ नाम आपके सामने बताना चाहूंगा। एक मैला ढोने वाली, अति दलित समुदाय की राजस्थान की महिला बहन सुश्री ऊषा चौमार, दलित सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में काम करने वाले श्री एम.के. कुंजोल, हल्दी की खेती को लाभकारी आंदोलन में बदलने वाली, मेघालय की हमारी आदिवासी किसान बहन सुश्री त्रिनिति साईऊ, बीज माता के नाम से प्रसिद्ध, महाराष्ट्र के एक गांव में रहने वाली आदिवासी महिला सुश्री रहिबाई सोम पोपेरे, लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने वाले हमारे फैज़ाबाद के मोहम्मद शरीफ, राजस्थान के हमारे गायक भाई श्री रमज़ान खान उर्फ मुन्ना मास्टर, दो दशकों से अधिक समय से बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान कर रहे जम्मू के एक दिव्यांग कार्यकर्ता श्री जावेद अहमद टॉक, 1984 के भोपाल गैस की त्रासदी के बचे लोगों के लिए संघर्ष करने वाले श्री अब्दुल जब्बार, गुजराती व्यंग्यकार श्री शाहबुद्दीन राठौर। लेकिन हम सब देख रहे हैं कि देश में माहौल क्या बनाया जा रहा है? देश में माहौल किस प्रकार का खड़ा किया जा रहा है? देश के माहौल को किसलिए विभाजनकारी बनाया जा रहा है? ऐसे लोगों को यह सोचना होगा कि यह सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के आधार पर हर गरीब भारतवासी को सम्मान देना चाहती है।

आजकल हमारे कॉंग्रेस के लोग संविधान बहुत पढ़ रहे हैं, यह बहुत खुशी की बात है, लेकिन इस देश के संविधान को 1974 में आपने ही तिरस्कृत करके देश में इमरजेंसी लगाई थी। चलो अब आप संविधान पढ़ने लग गए, आप संविधान की प्रस्तावना पढ़ने लग गए, लेकिन मेरा आपसे यह कहना है कि जब आप संविधान को पढ़ें, संविधान का सम्मान करें, तो संविधान को पूरा पढ़ें। इसलिए अगर आप संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हैं, तो संविधान के आर्टिकल 44 में लिखा गया है कि "State shall endeavour to provide for its citizens a uniform civil code (UDC) throughout the territory of India." यह आप क्यों नहीं पढ़ते? हम जब बात करते हैं, तब आप हम पर आरोप लगाते हैं। आप संविधान को पूरा नहीं पढ़ते हैं। संविधान में ही आर्टिकल 44 के साथ आर्टिकल 48 में लिखा है कि "... organise Agriculture and Animal Husbandry." संविधान में गौरक्षा की बात की गयी है, आप तो उसको नहीं पढ़ते। संविधान में तो आर्टिकल 51A में Fundamental Duties की बात की गयी है, आप तो उसको नहीं पढ़ते। संविधान में जो टेम्पोरेरी चीज़ थी, आर्टिकल 370, उसको हमने बदला तो आपत्ति है, परन्तु आपने तो अपने टाइम में भारत के संविधान की प्रस्तावना को ही बदल दिया था। हालांकि हमारे संविधान में क्या कहा गया था, संविधान निर्माताओं ने क्या कहा था कि भारत में विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता है। यह तो पहले से थी। यह हमारी संस्कृति में थी, यह हमारे विश्वास में थी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते मैं कहना चाहता हूँ कि हम जब पार्टी के नये

सदस्य बनाते हैं, हम इस पार्टी की शपथ लेते हैं, तो हमारी पंचनिष्ठाओं में से दो प्रमुख निष्ठाएँ हैं- सर्वधर्म समादर भाव और उसके साथ समतामूलक समाज की स्थापना। हम इन मूल्यों से निकले हुए हैं। हम भारत की पुरातन संस्कृति के मूल्यों से निकले हुए हैं।

महोदय, अभिभाषण में कहा गया है कि लोकतंत्र का जो जनादेश होता है, वह लोकतंत्र का जनादेश सबसे पवित्र होता है और हम सब इस लोकतंत्र के जनादेश को मानते रहे हैं। 1952 के पहले चुनाव में हमारी पार्टी ने चुनाव लड़ा। हम हर बार हारे। 1990 में हम पहली बार अधिकृत रूप से विपक्ष की पार्टी बने। हमने कभी लोकतंत्र के ऊपर उँगली नहीं उठायी। हमने हमेशा लोकतंत्र का सम्मान किया, लेकिन आप 5 साल से क्या कर रहे हो? आप लोकतंत्र के जनादेश पर, EVM पर प्रश्न उठा रहे हो। हम तो कभी नहीं उठाते। हम तो कोई चुनाव हारते हैं, कोई जीतते हैं। हम तो चुनाव आयोग की मर्यादा को, चुनाव कराने के निष्पक्ष तरीके को हमेशा मानते हैं, परन्तु आप जब हारते हो, तो आप लोकतंत्र पर भी उँगली उठाने से नहीं चूकते। आप लोकतंत्र में और किस प्रकार का विरोध करते हो?

मैं आपको बताना चाहता हूँ कि हमने किस प्रकार के लोगों को अवार्ड दिये। वह लिस्ट मैंने पढ़ी है, लेकिन आपने हमारी सरकार आने के बाद किस प्रकार से काम किया। 2014 में पूरे देश में एक असत्य का आन्दोलन चला दिया- 'अवार्ड वापसी, अवार्ड वापसी।' क्या हुआ भाई? इस देश में तो सबको अभिव्यक्ति की आजादी है। 2015 में जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर बच्चों से क्या कहलवाया ! आपकी पार्टी के नेता वहाँ पर गये, लेकिन देश तो वहीं रहा, नौजवान वहीं तरक्की करते रहे। 2016 में गरीबों के लिए हम 'आधार कानून' लेकर आये तो विरोध करने का काम आपने किया और 2017 में जब 'सर्जिकल स्ट्राइक' हुई, तब सेना पर भी प्रश्न उठाकर आपने देश की मर्यादा को तोड़ने का काम किया। 2018 में आपने राफेल जैसा असत्य आरोप लगाया और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में जाकर माफी माँगनी पड़ी। आजादी के बाद यह पहली बार हुआ है कि किसी दल के नेता को सुप्रीम कोर्ट में जाकर माफी माँगनी पड़ी हो। हम महिलाओं के उत्थान के लिए 'तीन तलाक' का कानून लाये, तो आप विरोध करो। हम यह कहते हैं कि जो देश की सम्पत्ति को, देश को छोड़ कर गये हैं-- इन्दिरा जी के समय में 'शत्रु सम्पत्ति विधेयक' आया। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के कारण उस विधेयक की पुनर्स्थापना करने के लिए हम संशोधन लाये तो आप 'शत्रु सम्पत्ति विधेयक' का विरोध करते हो। सबसे बड़ी बात यह है कि देश के 700 साल पुराने विवाद को सुलझाने का काम किया गया है। मैं कहता हूँ, आप न्यायालय में जाकर दलील दे सकते हो। यह पक्ष ठीक है, यह पक्ष गलत है, आप कह सकते हो। वहाँ पर जाकर, आपके जो नेता हैं, वे कोर्ट में क्या दलील दे रहे हैं कि इसको निर्णीत मत करो, भारतीय जनता पार्टी जीत जायेगी। भारतीय जनता पार्टी जीते या हारे, लेकिन देश में राम की सनातन संस्कृति के मूल्य बने रहें, यह हमारी मान्यता है। इसलिए मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूँ कि सरकार ने एक बहुत बड़े विवाद को बहुत पारस्परिक सौहार्द्र के साथ, बड़े सद्भाव के साथ, लोगों को विश्वास में लेते हुए सर्वोच्च न्यायालय

के निर्णय की परिपालना करायी है। मैं आपको यह भी कहना चाहता हूँ। हमारी सरकार ने भारत के विकास में कभी किसी दृष्टिकोण के साथ भेदभाव नहीं किया। हमने देश में सभी दृष्टिकोणों का समान रूप से आदर किया है और इसलिए इस अभिभाषण में सरकार ने संकल्प किया है कि भारत कैसा बनना चाहिए। महात्मा गांधी के स्वराज का भाव होना चाहिए, जवाहरलाल नेहरू के आधुनिक भारत का दृष्टिकोण होना चाहिए, सरदार पटेल के एक भारत, श्रेष्ठ भारत की कल्पना होनी चाहिए, दीनदयाल जी के अंत्योदय का लक्ष्य होना चाहिए तो राम मनोहर लोहिया जी के समतामूलक समाज का सपना सबको साकार करना चाहिए। पांच साल में माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम उसको लेकर चले हैं और यही कारण है कि वर्ष 2014 में हमें जितने वोट मिले थे, उससे चार करोड़ ज्यादा लोगों ने पुन: उनको चुनकर देश को चलाने का संकल्प दिया है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि न्याय का महत्व वे लोग जानते हैं, जिनके साथ अन्याय हुआ है। इस देश में, यह जो देश है, इसकी बड़ी परम्परा रही है। हमारा सांस्कृतिक गौरव बहुत बड़ा रहा है और इस देश के विभाजन को कोई इनकार नहीं कर सकता। आज हमारे विपक्ष के लोगों के द्वारा शाहीन बाग में एक आंदोलन चलाया जा रहा है। मैं इसे विपक्ष के लोगों के द्वारा इसलिए कहना चाहता हूं कि हमारे कॉंग्रेस के बहुत बड़े विचारक और चिंतक श्री दिग्विजय सिंह जी वहां जाकर भाषण देकर आए, श्री शशि थरूर जी वहां जाकर भाषण देकर आए। आप पार्टी के श्री अमानतुल्लाह खान, जो वहां के विधायक हैं, उन्होंने वहां भाषण दिया। इससे यह सिद्ध होता है कि इस आंदोलन को कॉंग्रेस का तथा आप पार्टी का एक नैतिक समर्थन है, एक अप्रत्यक्ष समर्थन है। हो सकता है कि उनकी स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति के अधिकार में यह विषय आता हो, लेकिन मैं इसके मूल विषय पर एक बात उठाना चाहता हूं और मैं पूछना चाहता हूं, आप मुझे यह बताइए कि शाहीन बाग के मंच पर एक छोटी सी बच्ची के मुंह से अगर देश के प्रधान मंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ हिंसक बातें कही जाएं और भीड़ उस पर ताली बजाए, उसका व्हाट्सऐप पोस्ट बनाकर सर्कुलेट करे तो आप यह तो बताइए कि स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी के दौर के नाम पर आप बच्चों के मन में कि प्रकार का ज़हर घोल रहे हैं। क्या आप उसकी निन्दा नहीं कर सकते?

मैं एक दूसरा विषय यह उठाना चाहता हूं कि ठीक है, आप देश के राजनीतिक नेता हैं, आप उस आंदोलन में जाएं। परंतु क्या आपने उन लोगों को यह स्पष्ट किया कि इस नागरिकता संशोधन कानून का आपकी समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। यह नागरिकता संशोधन कानून में आप जबरदस्ती कर रहे हैं। आप किसी और विषय पर बोलें तो ठीक है, लेकिन आपने भी अपने कर्त्तव्य के नाते उसको यह स्पष्ट करने का काम नहीं किया। फिर उसके बाद क्या किया?

SHRI T.K. RANGARAJAN (Tamil Nadu): Sir, the amendment is anti-Constitution.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. T.K. Rangarajan, please take your seat. Nothing is going on record.

SHRI T.K. RANGARAJAN: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You are a senior Member of the House. You are not supposed to intervene like this.

श्री भूपेन्द्र यादव: यह होने के बाद आपने उससे आगे एक और कदम बढ़ाया। आपने आगे कदम बढ़ाकर अपनी राज्य सरकारों से भी प्रस्ताव पारित कराया। यह तो शुक्र है कि एक दिन कपिल सिब्बल जी बहुत ईमानदारी से कह बैठे कि राज्य सरकारों को इसका विरोध नहीं करना चाहिए। यह अलग बात है कि कॉंग्रेस के दबाव में अगले दिन वह 180 डिग्री बदल गए। परंतु सच्चाई यही है कि आपने वापस अपने संविधान पर चोट करने का काम किया है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि ठीक है, माननीय रंगराजन जी कह रहे हैं, ठीक है भारत के सामने बहुत सारे ऐसे प्रश्न आए हैं, जब दुनिया के मानवाधिकार में जिन लोगों के साथ अन्याय हुआ है, हम उनके साथ खड़े हुए हैं। एक समय था, भारत तिब्बत के साथ खड़ा हुआ था। एक समय था, जब श्रीलंका में जिन लोगों पर अत्याचार हुए, हम उनके साथ खड़े हुए थे। दुनिया के जितने देशों में जहां-जहां अत्याचार होता है, वहां-वहां भारत का उसको नैतिक समर्थन है। मैं इस सदन के माध्यम से पूछना चाहता हूं कि इतने दिनों से शाहीन बाग में आंदोलन चल रहा है, क्या किसी ने भी ऐसा कहा कि हमारे पड़ोस के इस्लामिक देशों में धार्मिक आधार पर जो अत्याचार होते हैं, उसके लिए भारत सरकार को भी दबाव बनाना चाहिए। क्योंकि आप इस प्रकार की मानवता की बात नहीं करना चाहते, आप केवल राजनैतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं।

भारत और पड़ोसी देशों में क्या अंतर है? मेरे बहुत अच्छे मित्र देरेक ने संसद में एक विषय उठाया था। आप इसकी बात को समझिए, फिर आप मुझे कहिए कि यह एंटी-कंस्टीट्यूशन है। देरेक जी ने 11 दिसम्बर, 2019 को भाषण दिया था। मैं देरेक भाई के भाषण को क्वोट करना चाहता हूं। उन्होंने कहा -

"My grandfather and his younger brothers stayed back in India and the elder brother was in Pakistan. So, we have the O'Briens of India and the O'Briens of Pakistan in 1947. We are in touch. Now, what happened? The O'Briens of Pakistan either left to Canada, England or Australia or they married, they converted into Islam and they have gone, but the O'Briens of India because of the power of our Constitution are still standing here." इसी को पूरा करने के लिए हम लोग यह कानून लेकर आए हैं ताकि और किसी ओब्राईन को न तो जबर्दस्ती इस्लामिक बनना पड़े, न देश छोड़ने को मजबूर होना पड़े। हमने शरणार्थियों को शरण देने का काम किया है। यह भारत की संस्कृति है। यह उदात्त सहिष्णुता की, मानवता की भारत की संस्कृति है। हम अपने अड़ोस-पड़ोस के घटनाक्रमों पर आँख मींच कर

*Not recorded.

बैठ जाएँ? पाकिस्तान में 23 प्रतिशत आबादी से 3 प्रतिशत हो जाएँ और हम चुप बैठे रहें? बांग्लादेश में 30 प्रतिशत आबादी अपना देश छोड़ने को मजबूर हो जाएँ और हम चुप बैठे रहें? यह मानवता का तकाज़ा और यह भारत का तकाज़ा नहीं है। हमने भारत की संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम किया है। इसलिए अब खूब नारे लगते हैं कि एनआरसी वापस लो, एनपीआर वापस लो, यह सरकार रजिस्टर बनाने आ रही है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि इस देश के एक बहुत बड़े स्टॉलवर्ट नेता हैं, उनका इस देश में बहुत बड़ा संसदीय अनुभव रहा है। वे भारत के राष्ट्रपति भी बने। हम सब उनका सम्मान करते हैं, श्री प्रणब मुखर्जी। वे 2003 में इस संसद की गृह मंत्रालय की स्थाई समिति के चेयरमैन थे और 2003 में पार्लियामेंट की जो स्टैंडिंग कमेटी ऑफ होम थी, उसमें अभी के कुछ वरिष्ठ सदस्य भी उस समय उसके सदस्य थे। मेरे सामने आदरणीय मोतीलाल वोरा जी बैठे हैं, वे उस समय होम कमेटी के सदस्य थे। कपिल सिब्बल जी उस समिति के सदस्य थे। अम्बिका सोनी जी उस समय समिति की सदस्या थीं। हमारे बिहार में आरजेडी के लोग एनआरसी को लेकर बहुत शोर मचा रहे हैं, जब कि लालू प्रसाद जी भी उस समय उस समिति के सदस्य थे। राम जेठमलानी जैसे बड़े वकील, जो आज हमारे बीच में नहीं हैं, हम तो उनका बहुत सम्मान करते थे, उनसे वकालत सीखी है, वे उस समिति के सदस्य थे। उस समिति ने एक रिपोर्ट दी। समिति की रिपोर्ट में कहा, "The proposed provision makes it mandatory for a person to make an application for issue of a National Identity Card. The Government, however, later on realised that that provision, as contained in the Bill, does not clearly reflect its intention to enumeration and the automatic grant of the National Identity Card. Hence, there was no need for a person to make an application for the purpose. An application was required only in case of a dispute यह समिति का प्रपोजल था, वोरा जी मेरे सामने बैठे हैं। It further says, "Accordingly, the Government has proposed to make a change in sub-section 2 of the proposed Section 14(a), which should read as under: "The procedure to be followed in compulsory registration of citizens of India shall be such, as may be prescribed." आप आज जो हमको कह रहे हैं, लेकिन समिति की यह recommendation आपने दी थी और उसके बाद इतना ही नहीं किया, कॉंग्रेस की एक स्थिति रही है कि आपको यह लगता है कि सत्ता में आप हैं, तो सब ठीक है और सत्ता में आप नहीं हैं, तो सब खराब हो रहा है। उसके बाद सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट में अमेंडमेंट आया और कमेटी ने सेक्शन 14(ए) के संबंध में जो कहा था, उसके संदर्भ में अमेंडमेंट में क्या आया? "Issue of National Identity Card: The Central Government may compulsorily register every citizen of India and issue a National Identity Card to him." यह कब आया? यह insert कब हुआ? यह 3 दिसम्बर, 2004 को insert हुआ। मनमोहन सिंह जी प्रधान मंत्री कब बने? वे 22 मई, 2004 को प्रधान मंत्री बने। अब बताइए?

उपसभापति महोदय, आखिर हम देश में भरमाने की राजनीति क्यों कर रहे हैं? हम देश को बार-बार क्यों बॉटना चाहते हैं? हम देश को गुमराह क्यों करना चाहते हैं? मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को इसलिए बधाई देना चाहता हूँ कि यह सरकार आने के बाद जब हमने 'सबका साथ, सबका विकास', की बात की, तो हमने सबसे पहले देश के 115 पिछड़े जिलों को चुना, जिनको हमने आकांक्षी जिला बनाया। हमने उनको पिछड़ा जिला नहीं कहा, बल्कि हमने उनको Aspirational District कहा। हमने कहा कि अगर भारत आगे बढ़ा है और हमारा यह क्षेत्र पीछे है, तो आप भी आगे बढ़ें। हमारे जो 115 आकांक्षी जिले बने, क्या वे भाजपा शासित राज्य के बने? नहीं, ऐसा नहीं है। उदाहरण के लिए मैं बता रहा हूँ कि उनमें अगर आन्ध्र प्रदेश का कडपा जिला है, तो छत्तीसगढ़ का बस्तर जिला भी है।

अगर उसमें हमारे मेघालय और मिज़ोरम के जिले हैं, तो हरियाणा के नूह जैसे पूरे minority वाले जिले को भी चुना गया है। आपको तो खुशी होगी कि हम केरल के वायनाड जिले को भी विकसित कर रहे हैं, ताकि भविष्य में वह princely state न रह जाए। हम अमेठी में भी फैक्ट्री लेकर आ गए हैं, ताकि वह भी लोकतंत्र की अनुभूति के साथ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ें। हमने सारे जिलों को चुना है। यहाँ पर वैस्ट बंगाल के लोग बैठे हैं। वैस्ट बंगाल में नदिया जिला है, दक्षिण दिनाजपुर है। ये जिले क्यों चुने गए हैं, यह किसका संकल्प है? यह इस पूरे सदन का संकल्प होना चाहिए कि जो हमारे 115 जिले रह गए हैं, वहाँ पर महिलाओं का स्वास्थ्य, वहाँ पर शिक्षा, वहाँ पर पीने का पानी, वहाँ पर उद्योगों का विकास, वहाँ पर पर्यावरण का संरक्षण, उनका विकास क्यों नहीं होना चाहिए? इसलिए, मैं आपके माध्यम से सारे सदन को यह कहना चाहता हूँ कि हमें राजनीति के इस दो-मुँहेपन को बंद करना चाहिए। इन 115 जिलों को आगे बढ़ाने के लिए सबसे अच्छी बात रहेगी कि हम positive रहें, हम सकारात्मक रहें, लेकिन मेरा यह कहना है कि अगर positive न भी रहें, तो कम से कम positive बोल दीजिए। अगर आप हमारे लिए positive बोल भी नहीं सकते, हो सकता है कि राजनीतिक मजबूरियाँ हों, आपको अच्छा नहीं लगता हो कि positive बोलें, तो कहीं positive लिख दीजिए। अगर आप सोचते हैं कि लिखने से यह इस रिपोर्ट की तरह स्थायी हो जाएगा, तो लिखिए भी मत, लेकिन कम से कम positive बातों का साथ तो दीजिए। अगर आप positive बातों का साथ भी नहीं देना चाहते, तो कम से कम जो positive काम कर रहे हैं, उनका मनोबल बढ़ाओ, उनका मनोबल तो मत गिराओ और अगर इतना भी न करो, तो इस बात को तो समझो कि हम देश के 115 जिलों में सब गरीबों के हिस्से की लड़ाई लड़ना चाहते हैं, कम से कम उसमें बाधा न बनिए। मैं इतना कहना चाहता हूँ।

महोदय, हमने पुरानी समस्याओं का समाधान करते हुए विकास के नए रास्तों पर आगे बढ़ने का काम किया है। देश में लंबे समय से आर्टिकल 370 एक तात्कालिक धारा थी और हम जानते हैं कि जिस तरीके से जम्मू-कश्मीर का विकास होना चाहिए था, जम्मू-कश्मीर का विकास नहीं हुआ। जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र कहीं न कहीं तीन परिवारों का बंधक बनकर रह गया, लेकिन

370 को हटाने के बाद आज जम्मू-कश्मीर में 4,400 पंचायतों के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए, 300 से ज्यादा Block Development Council के चुनाव हुए और परिणाम कितना होता है कि 2018 तक -- मैं फिर 70 सालों के लिए कहूँगा, तो काँग्रेस के हमारे मित्र कहते हैं कि 70 साल मत बोलिए, इसलिए मैं कह रहा हूं कि 2018 तक केवल 3,500 घर "प्रधान मंत्री आवास योजना" के अंतर्गत बने, पर दो साल के अंदर-अंदर उनकी संख्या बढ़ी और 24,000 मकान" प्रधान मंत्री आवास योजना "के अंतर्गत बने और इस बार नैफेड ने जम्मू-कश्मीर से सेब की पूरी खरीद की। हमने जम्मू-कश्मीर के किसानों को फायदा पहुंचाने का काम किया है।

महोदय, देश में एक बहुत लंबे समय से समस्या, हमारे उत्तर-पूर्व की समस्या थी। हमारे बोडो समुदाय के लोगों की समस्या थी। बोडो मूवमेंट भी देश के अंदर चला, वह बड़ा हिंसक मूवमेंट रहा। वह मूवमेंट 20 से 30 साल तक चला। 30 साल तक उस मूवमेंट के चलने का परिणाम क्या रहा? वह 30 साल जो मूवमेंट चला, उसके कारण 4,000 से ज्यादा लोगों की जान गई, लेकिन मैं सरकार को यह बधाई देना चाहता हूँ और विशेष रूप से अभिभाषण में जिन लक्ष्यों को रेखांकित किया है कि बोडो आंदोलन में बोडो समझौता करवाकर सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों में शांति और विकास के नए रास्तों को आगे बढ़ाने का काम किया है।

इसमें चार बहुत बड़ी बातें हुई हैं। पहली, प्रधान मंत्री जी ने सरकार में आने के बाद अपनी ऐक्ट ईस्ट पॉलिसी को आगे बढ़ाया, यह उस ऐक्ट ईस्ट पॉलिसी के लिए एक सकारात्मक दिशा से उठाया हुआ कदम है। दूसरा, बोडो समझौतों के माध्यम से देश में नए राज्यों का निर्माण और क्षेत्रीय पुनर्गठन, जातीय संघर्षों को समाप्त करना और राजनीतिक स्थिरता लाने का एक अच्छा मॉडल दिया कि हम एकीकृत असम के भाग होते हुए, किस प्रकार से असम का भाग बनकर भी विकास कर सकते हैं। तीसरा, हम जानते हैं कि हमारे बगल के देश म्यांमार में और बाकी जगहों पर भी देश के पूर्वोत्तर राज्यों में अशांति फैलाने के जो अड्डे बने हुए थे, हम उसमें समाधान की दिशा में आगे बढ़े हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इससे उत्तर-पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों में शांति और समाधान का नया मार्ग खुलेगा। 1990 के दशक में जितने लोग इस अशांति के कारण हिंसा के शिकार होते थे, उस संख्या में बहुत बड़ी गिरावट आई है। आज हमारा पूर्वोत्तर और उत्तर-पूर्वी राज्य विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है, इसके लिए सरकार बधाई की पात्र है।

बोडो के अलावा एक और समझौता हुआ है। मुझे लगता है कि जब हम राष्ट्रीय परिदृश्य पर बात करना चाहते हैं, तो उसका भी जिक्र होना चाहिए। हमारी जो ब्रू जनजाति है, जिनकी मिज़ोरम और त्रिपुरा में दशकों से समस्या थी और छोटा-सा समाज होने के कारण जिनकी आवाज़ दिल्ली तक नहीं आ पाती थी, उस ब्रू जनजाति का भी समझौता कराकर सरकार ने त्रिपुरा में उनकी सेटलमेंट की व्यवस्था करके एक लम्बी समस्या का समाधान करने का काम किया है।

भारत में सरकार आने के बाद हमने आर्थिक क्षेत्र में एक clean economy देने के लिए काफी कदम आगे बढ़ाए हैं। हम एक नई इलेक्ट्रोनिक पॉलिसी को लाए, Ease of Doing Business

में आगे बढ़े, उपभोक्ता खर्च में वृद्धि करते हुए देश में व्यापार को आगे बढ़ाने का काम किया, कारोबार की सुगमता और पारदर्शिता को बढ़ावा देने का काम किया। देश में कर-विवाद की जो सबसे ज्यादा समस्या थी, उसका निपटारा सरकार द्वारा कर-विवाद के लिए "सबका विश्वास योजना" के माध्यम से करने का काम किया गया और निवेश में भी तेजी लाने का काम किया गया। हमने माना है कि सरकार टेक्नोलॉजी के माध्यम से देश के विकास को आगे बढ़ा सकती है, इसलिए इस सरकार की यह उपलब्धि रही है कि हमने 121 करोड़ लोगों को आधार और 60 करोड़ लोगों को रुपे-कार्ड दिया है। बाबा साहेब अम्बेडकर ने इकोनॉमी पर अपनी जो थीसिस लिखी थी, उसमें उन्होंने कहा था कि बिना economic inclusion के empowerment नहीं हो सकता है। उन्होंने हमेशा देश की मुद्रा और economic empowerment के विषयों को लेकर अपनी थीसिस दी। मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूँ कि देश का जो सबसे बड़ा डिजिटल ऐप है, उसका नाम उसने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के नाम पर "भीम ऐप" रखकर देश के सब गरीबों और पिछड़ों को economic inclusion देने का एक बड़ा काम किया है। महोदय, मैं कहना नहीं चाहता हूँ, पर यह सच है कि यह तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी कि हमने उस ऐप को "भीम ऐप" नाम दिया, वरना अगर कॉंग्रेस की सरकार होती, तो नाम पर एक ही परिवार का पेटेंट होता, कोई दूसरा नाम हो नहीं सकता था।

महोदय, हम भी कहते हैं कि देश में डिजिटल क्रांति राजीव गाँधी जी लेकर आए। हम इस बात से कभी इन्कार नहीं करते। हमने अभिभाषण में यह कहा है कि जवाहरलाल नेहरू जी का आधुनिक भारत का दृष्टिकोण था, तो वह आधुनिक भारत का दृष्टिकोण था। हम ऐसे छोटे और संकुचित राजनीति के विषयों को नहीं करते, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूँ कि जब हम देश में economic inclusion के लिए JAM की त्रिमूर्ति- जनधन, आधार और मोबाइल को लेकर आए हैं, तो फिर आपकी तरफ से विरोध क्यों होता है? आधार को आपकी तरफ से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती क्यों दी जाती है? जनधन पर आपकी तरफ से इस तरह की संशय वाली बातें क्यों की जाती हैं? आप पॉजिटिव और सकारात्मक होकर, कम से कम गरीब आदमी का जो economic empowerment हो रहा है, उसके लिए हमारा साथ क्यों नहीं देते? मुझे इस संकल्प-पत्र के माध्यम से यह बताते हुए खुशी है कि इस सरकार के माध्यम से....

श्री जयराम रमेश (कर्नाटक): भूपेन्द्र जी, आधार का विरोध पहले किसने किया था? यह याद नहीं है? ...**(व्यवधान)**... जीएसटी का विरोध पहले किसने किया था? ...**(व्यवधान)**...

श्री भूपेन्द्र यादव: जयराम जी, मैं आपको बताना चाहता हूँ ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: भूपेन्द्र जी, आप चेयर को ऐड्रेस करें।

श्री भूपेन्द्र यादव: उपसभापति महोदय, जयराम जी बिल्कुल सही कह रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... जीएसटी के समय में जो सेंट्रल टैक्स था, उसके प्रति राज्यों को यह लगता था कि केन्द्र की जो सरकार है, वह पता नहीं हमको पूरा पैसा देगी या नहीं देगी, लेकिन हमने उनको विश्वास

में लिया और विश्वास में लेकर उनसे कहा कि आपको यह पैसा मिलेगा और फिर उस विश्वास के आधार पर जीएसटी आया। सच्चाई यह है। ...**(व्यवधान)**...

श्री के.के. रागेश (केरल): *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. Please. ...*(Interruptions)*... Please take your seat. Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*... Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*... Please.

श्री भूपेन्द्र यादव: आपका बजट में देंगे, समाधान करेंगे। ...**(व्यवधान)**... हमारे जो कम्युनिस्ट मित्र हैं, आज आपके ही मुख्य मंत्री कह रहे हैं कि जो सीएए का विरोध कर रहे हैं, वे पृथकतावादी और सांप्रदायिक लोग हैं। आप अपना स्टैंड क्लियर कीजिए कि आप किसके साथ हैं। आपने तो पत्र लिखा था कि बंगलादेश के जो लोग आए हैं, उनको नागरिकता दी। आपका स्टैंड बदल सकता है, लेकिन इसके लिए आप नैतिक रूप से स्वयं को जिम्मेदार मानेंगे, ऐसी मैं आपसे अपेक्षा नहीं करता हूं। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seats. Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*... Bhupenderji, please continue.

SHRI T.K. RANGARAJAN: Sir, debate and intervention are part of parliamentary proceedings. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Rangarajan, please take your seat. ...*(Interruptions)*...

श्री भूपेन्द्र यादव: महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार को इस बात के लिए भी बधाई देना चाहता हूं कि हमारी सरकार आने के बाद देश की सुरक्षा को लेकर, देश की सेना को लेकर बड़े अभूतपूर्व कार्य करने का काम हमारी सरकार ने किया है। देश के सैनिक कौन हैं, किसी ने कहा है कि -

"तुम्हारे शहर के सारे दीये तो सो गए लेकिन,

हवा से पूछना कि दहलीज़ पर ये कौन जलता है!"

देश की सीमाओं पर सुरक्षा करने वाले हमारे सैनिक और हमारे देश की सेना को आगे बढ़ाने का काम किया है। मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि एक लम्बे समय से, जो सीडीएस का पद था, जो Chief of Defence Staff का पद था, उसको बनाकर सरकार ने एक बहुत बड़ा कार्य किया है, क्योंकि पूरे देश में, हमारे पड़ोस और दुनिया भर में बड़े विकास हुए हैं, लेकिन

*Not recorded.

युद्ध की कार्य-पद्धति, प्रणाली और तकनीकों में बदलाव आया है। आज ज्यादा एकीकृत कमान की बात कही जाती है, इसलिए hybrid war are जैसा दुनिया भर में विशेष रूप से विभिन्न युद्धों से स्पष्ट है कि एकरूप पारंपरिक नियंत्रण के तहत तकनीकी रूप से सुसज्जित एकीकृत बलों के महत्व को स्पष्ट रूप से सामने रखकर सरकार के द्वारा पारम्परिक युद्ध की स्थिति से निकलकर भारत की सेना को आधुनिक बनाने का काम किया है। भारत, जो अभी तक विश्व पटल पर एक सामंजस्यपूर्ण शक्ति के रूप में उभरने का लक्ष्य बना रहा है, उसे न केवल तात्कालिक सीमाओं पर खतरे को कम करना है, बल्कि हमारे देश के सामने चुनौती है कि स्वयं के आर्थिक हितों से सक्षम होकर मित्र राष्ट्रों की सहायता करना है या अंतर्राष्ट्रीय कार्यो में सहयोग के लिए संचालन करने में सक्षम होना है। सैन्य ताकत और क्षमता, आज दुनिया में कूटनीति और खुद के हितों को सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण घटक है इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि सीडीएस की नियुक्ति के लिहाज़ से हमारे देश के सशत्र बलों के एकीकरण के लिए एक बहुत बड़ा विषय कहा है। हालांकि सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर रक्षा मंत्री जी को सलाह देने के लिए एक व्यवस्था उपलब्ध करायी है, लेकिन भविष्य में भी मिसाइल फोर्स, cyber force, Space States और स्पेशल फोर्सज़ को केन्द्र में रखते हुए दुर्लभ रणनीतिक संसाधनों को नियंत्रित करने और उसको आवश्यकता अधिकारित आवंटन करने के लिए सरकार ने रक्षा क्षेत्र में बहुत बड़े कदम उठाए हैं। इसलिए मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि देश की सुरक्षा को लेकर सरकार ने आगे कदम बढ़ाए हैं।

महोदय, आज हम भारत की राजधानी दिल्ली में रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने जो Millennium goal तय किए, उसमें उन्होंने sustainable development के लिए शहरों के goal तय किए और sustainable development का जो goan number 11 ज्न्होंने कहा कि हमारे शहर ऐसे होने चाहिए जो inclusive हों, समावेशी हों, सुरक्षित हों, सतत् हों और उसके साथ ही साथ sustainable हों, इसको देखते हुए दिल्ली में दो master plan बने, लेकिन दोनों master plan बनने के बाद भी दिल्ली की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। दिल्ली में कॉंग्रेस की सरकार रही लेकिन दिल्ली में कॉंग्रेस की सरकार ने केवल प्रमाण-पत्र जारी करने का काम किया, स्थायी समाधान नहीं किया। उसका परिणाम यह रहा कि दिल्ली में 40 लाख लोग लगातार बिना पर्याप्त सुविधाओं के रहते रहे, लोगों को अपनी संपत्ति का सही मूल्य नहीं मिला, लोगों को बैंकों के लोन नहीं मिले, लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिला, वहां सड़कें पूरी नहीं बनीं, वहां सीवर पूरी तरह से नहीं आया, वहां मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलीं। हमारी सरकार ने आने के बाद दिल्ली की 1,737 अनधिकृत कॉलोनियों को पूरा करके दिल्ली को sustainable और Millennium goal के हिसाब से एक अच्छी राजधानी बनाने की दिशा में कदम आगे बढ़ाया। दिल्ली में आज बहुत ज्यादा स्लम का एरिया है, इसलिए स्लम एरिया में भी, चूंकि लोग गरीबी के कारण जीवन जी रहे हैं और वे अपनी पूरी बात बता नहीं पाते हैं, तो हमारी सरकार ने इस दिशा में भी काम को आगे बढ़ाने का काम किया है और दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों के विषय को भी आगे बढ़ाया है। उस नाते इस सरकार ने बड़ा काम किया है। मैं तो कहना चाहूंगा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी

जी को यह एक आशीर्वाद रहा है कि उन्होंने अपनी सरकार में रहते हुए बहुत तेज गति से करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण किया - गुरु नानक देव जी का जो जन्म स्थान है, उनके प्रकाश पर्व पर उसे पूरा करके हमारे देश के सिख समाज के लिए एक बहुत बढ़िया काम करने का अवसर उनको मिला, जिसको पूरा करने का काम उन्होंने किया है। सरकार के लिए बधाई का एक विषय और भी है। सरकार ने इस वर्ष एक और सिख गुरु, क्योंकि सिख गुरुओं ने देश में समता का संदेश दिया है, मानवता का संदेश दिया है। गुरु नानक देव जी का कहना है- "एक नूर ते सब जग उपजया" - एक ही ईश्वर के प्रकाश से हम सब प्रकाशित हैं। इस देश में जाति प्रथा के विरुद्ध, इस देश में मानवता के लिए और इस देश में सेवा और संकल्प के लिए सिख गुरुओं ने हम सब को प्रकाश दिया। सरकार ने गुरु नानक देव जी का तो 550वां प्रकाश पर्व मनाया ही, लेकिन उसके साथ-साथ गुरु तेग बहादुर जी का भी 400वां प्रकाश पर्व मनाने की बात कही है।

महोदय, हम जानते हैं कि कॉंग्रेस की स्थापना एक अंग्रेज़ों ए.ओ. ह्यूम के द्वारा की गई थी। जिस समय उन्होंने कॉंग्रेस की स्थापना की थी, उस समय कॉंग्रेस केवल एक छोटा राजनैतिक संवाद का केन्द्र थी। लेकिन कॉंग्रेस को राष्ट्रवाद की धार देने वाले, देश में स्वराज्य का संकल्प करने वाले, देश को अपने स्वराज्य के आधार पर निर्माण करके देश में राष्ट्रवाद का ज्ञान देने वाले और गीता के कर्मयोग शास्त्र को लिखकर जिन्होंने देश में राष्ट्रवाद के विषय को प्रखर रूप से आगे बढ़ाया है, उन लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की भी 100वीं जयंती मनाने का संकल्प इस सरकार ने किया है। हमारा यह मानना है कि तिलक महाराज का जो राष्ट्रवाद है, उसी राष्ट्रवाद के आधार पर आज हम चल रहे हैं। इसलिए कॉंग्रेस को अपनी अंतरात्मा में भी झांकना चाहिए कि तिलक महाराज के दिए गए राष्ट्रवाद और गीता के माध्यम से आगे बढ़ाते हुए हम अपने देश को स्वराज से सुराज की ओर ले जाएं, इसलिए इस अभिभाषण में सरकार ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की 100वीं जयंती मनाने का जो कार्यक्रम किया है, उसमें कहा है कि सरकार उनके सुराज के आदर्श पर चलते हुए कार्य-संस्कृति में परिवर्तन, पारदर्शिता और जमीनी स्तर पर काम को आगे बढ़ाने का काम करेगी।

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि एक लंबे समय से हमारे देश के अंतर्गत बहुत सारे विषयों को बांटा गया है। मैं कहना चाहूंगा कि महात्मा गांधी जी ने हमेशा अपना भजन गाया: रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम।...**(व्यवधान)**... और इस देश में ..... **(व्यवधान)**... और इस देश में ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया बैठकर न बोलें।

श्री भूपेन्द्र यादव: राम इस देश के सांस्कृतिक प्रतीक हैं और इसलिए इस सरकार ने बहुत पुराने राम मंदिर के विषय को न्यायालय के द्वारा सुलझाकर एक अच्छा कार्य किया है और हजारों भारतवासियों के मन में यह एक दिव्य सपना है और केवल भारत में ही नहीं, भारत में आगे

भी सब विषयों को आगे बढ़ाने का काम किया है। इसलिए इस संकल्प पत्र में यह कहा गया है कि यह सारा काम करते हुए...**(व्यवधान)**...

श्रीमती विप्लव ठाकुर (हिमाचल प्रदेश): *

श्री उपसभापति: आपकी बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है। प्लीज़... प्लीज़। भूपेन्द्र जी, आप चेयर को संबोधित करें।

श्री भूपेन्द्र यादव: उपसभापति महोदय, मैं यह कहना नहीं चाहता था, लेकिन मैं यह कह रहा हूं कि आखिर कॉंग्रेस इस बात का जवाब दे कि उन्होंने 70 साल में इस विषय को क्यों नहीं सुलझाया और अब जब यह विषय सुलझाने के लिए न्यायालय में आया, तो न्यायालय में तथ्यों पर argument न करके, political argument करके मामले को उलझाने का प्रयास क्यों किया गया है? जिन्होंने इसे उलझाने का प्रयास किया, जिन्होंने इसके राजनीतिकरण करने का प्रयास किया, कपिल सिब्बल जी का नाम क्यों कहलवा रहे हो मेरे मुंह से? जिन्होंने इसे उलझाने का प्रयास किया, जिन्होंने लगातार सारे विषयों को उलझाए रखा, वे स्वयं अपने आप में झांके। हम देश को बनाने के लिए, पॉज़िटिव बात करने के लिए यहां पर उपस्थित हुए हैं। इस संकल्प-पत्र में यह कहा गया है कि कर्तव्य पथ पर यह सरकार आगे बढ़ती रहेगी। मैं सरकार को इस बात के लिए भी बधाई देना चाहूंगा कि सरकार के संयोजन में भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम आगे बढ़े हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में "चन्द्रयान-2" में पूरे देश में, इस देश के नौजवानों में ऊर्जा और तकनीकी के लिए एक उत्साह का माहौल निर्मित हुआ। उसके साथ-ही-साथ सरकार ने तुरंत "चन्द्रयान-3" को स्वीकृति प्रदान की और "चन्द्रयान-3" की स्वीकृति के साथ-साथ इसरो के माध्यम से "गगनयान" और "आदित्य-1" मिशन को भी आगे बढ़ाने का संकल्प इस सरकार ने किया है।

महोदय, 2014 के बाद जो यह यात्रा चली है, इस यात्रा में देश की कृषि के क्षेत्र में, देश की टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में, देश के विकास के क्षेत्र में, शासन में पारदर्शिता के स्तर में यह देश आगे बढ़ा है। ...**(व्यवधान)**... सर, मैं correction के नाते कहना चाहता हूं कि सन् 2020 में लोकमान्य तिलक महाराज की पुण्यतिथि का जो कार्यक्रम है, उसको आगे बढ़ाते हुए सरकार ने कर्त्तव्यपथ पर इस देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। इसलिए हमारी आप आलोचना करते हैं, करिए, लेकिन देश में कम से कम आपसी विभाजन का वातावरण मत बनाइए; आप हमारा विरोध करते हैं, करिए, लेकिन लोकतंत्र में ईवीएम पर किसी प्रकार का प्रश्नचिन्ह मत लगाइए; आप राजनैतिक रूप से हमें पसंद नहीं करते, मत करिए - आप राजनैतिक प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं, लेकिन देश में विकास का positive और सकारात्मक मार्ग अपनाइए क्योंकि हम यह तय करके आए हैं कि:

"चाहे हृदय को ताप दो, चाहे मुझे अभिशाप दो,

कुछ भी करो, कर्तव्य पथ से किन्तु भागूंगा नहीं।"

---

*Not recorded.

बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Sudhanshu Trivedi to make his speech seconding the Motion.

डा. सुधांशु त्रिवेदी (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, अभी भूपेन्द्र यादव जी ने महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जो अपने विचार रखे हैं, मैं उनका अनुमोदन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। हम सबने राष्ट्रपति महोदय का अभिभाषण सुना। दोबारा इस सरकार के आने के बाद विगत 6 महीने में जो कुछ भी कार्य हुए, निर्णय हुए, उन पर सदन के दोनों तरफ बैठे हुए लोगों के विचार अलग-अलग हो सकते हैं, मत अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन एक चीज़ ऐसी है, जिससे इस सदन में बैठा हुआ हरेक व्यक्ति और राजनैतिक क्षेत्र में कार्य कर रहा हरेक व्यक्ति आज के समय में प्रभावित है। वह है, crisis of credibility in politics - राजनीति में विश्वसनीयता का संकट। एक आरोप लगता था कि लोग कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं, लेकिन आपने देखा कि विगत 6 महीने में इतने निर्णय हुए - चाहे ट्रिपल तलाक हो, धारा 370 हो, आतंकवाद विरोधी अधिनियम का विषय हो, सीएए का विषय हो - सबके विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन इन सबने भारत की जनता में कम से कम एक बात स्थापित की कि जो कहा जाता है, वह किया जाता है। यानी crisis of credibility को समाप्त करने में, मैं मानता हूं कि पिछले 6 महीने एक मील का पत्थर साबित हुए हैं। साथ-ही-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जब crisis of credibility के खिलाफ खड़ा होना पड़ता है तो कार्य और मार्ग इतना आसान नहीं होता है। उसके ऊपर बहुत से कांटे बिछे हुए होते हैं, लेकिन उन कांटों के बीच में से सहजता से चलते हुए आगे जाने की प्रेरणा हमें मिलती है, जब हम कहते हैं कि:

"श्रुतं चैव यत्कण्टकाकीर्ण मार्ग, स्वयं स्वीकृत न: सुगं कार्येत।"

यानी कांटों से भरे हुए मार्ग के बीच में से स्वयं सुगम मार्ग बनाते हुए आगे बढ़ते हैं। इसलिए आपने देखा होगा कि पिछले 6 महीने में जो कुछ हुआ, उसके लिए मैं यह पंक्ति कहना चाहूंगा कि:

"दर्द की रात गयी, ग़म के ज़माने भी गए,

मोदी जी की हिम्मत से, कई दाग पुराने भी गए।"

श्री आनन्द शर्मा (हिमाचल प्रदेश) : आप गलत बोल गए। 6 महीने से पहले पांच साल भी थे।

डा. सुधांशु त्रिवेदी : सर, 6 महीने में जो कुछ हुआ है, राष्ट्रपति महोदय ने उन 6 महीने के विषय में बोला है। अब मैं इस पर आ रहा हूं कि पिछले वर्षों में क्या हुआ। राष्ट्रपति महोदय

ने अपने अभिभाषण के बिन्दु क्रमांक 59 और 60 पर एक विषय का उल्लेख किया, जो था, "प्रशासनिक सुधार और प्रशासन की सुगमता"। जब भी कोई सरकार काम करती है तो मानी हुई बात है कि सबसे महत्वपूर्ण विषय यह होता है कि administratively चीज़ों को किस ढंग से बेहतर किया जा सके, प्रशासनिक व्यवस्था को कैसे सुगम किया जा सके। राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में कहा कि इसके लिए तीन बिंदुओं की आवश्यकता होती है। एक - कार्यक्षेत्र का मनविज्ञान ज्ञान बदलने का प्रयास करना, transforming the work culture, दूसरा आधुनिक तकनीक का प्रयोग करना, using the modern technology और तीसरा होता है - जमीनी स्तर पर सरकारी व्यवस्थाओं और प्राइवेट व्यवस्थाओं के बीच में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का निर्माण करना, promoting a healthy competition at the grassroot level. अब आप देखिए कि जब हम प्रशासन शुरू करेंगे, तो आज तक सरकारें यह विचार करती रहीं कि कार्य को और बेहतर ढंग से संपादित करना है, कुछ और नए नियम बना दिए जाएं, परंतु मैं यह बताना चाहूंगा कि आने के साथ विगत पांच वर्षों में सरकार ने सबसे पहले यह ढूंढ़ा कि ऐसे कौन-कौन से नियम हैं, जो अप्रासंगिक हो गए हैं, प्रशासनिक व्यवस्था के लिए कालबाय हो गए हैं, redundant हो गए हैं, तो विगत 6 महीनों में हटाए गए 58 नियमों को मिलाकर डेढ़ हजार ऐसे नियम हैं, जो पूरे तरीके से सरकार ने समाप्त किए, जिसके द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था ज्यादा बेहतर ढंग से चल सकती है। आप सभी ने देखा कि कर्मचारियों के चयन में चाहे इंटरव्यू को समाप्त करना हो या अभी हाल ही में बजट में National Recruitment Agency को स्थापित करना हो, ताकि बेहतर, सुगम और पारदर्शी तरीके से चयन हो सके अथवा सर्वोच्च स्तर पर जहां इस वैश्विक युग में हमें उच्च स्तर की दक्षता चाहिए, व्यावसायिक दक्षता चाहिए, professional competence चाहिए, तो उसके लिए lateral entry का विषय हो। इस प्रकार के बड़े प्रशासनिक कदम विगत पांच-साढ़े पांच वर्षों में सरकार ने उठाए हैं। इसके साथ-साथ जब आधुनिक टेक्नोलॉजी की बात होती है, जैसा भूपेन्द्र जी ने कहा कि digital technology का कैसे प्रयोग किया जाए, उसके लिए आवश्यक था कि पहले उसके उपादान तो बना लिए जाएं। आदरणीय उपसभापति महोदय, मैं याद दिलाना चाहता हूं कि 5 अगस्त, 2014 को जब प्रधान मंत्री जी ने लाल किले से अपना पहला उद्बोधन दिया था, तो उन्होंने क्या विषय उठाया था? उन्होंने जन-धन का विषय उठाया था, यानि उन्होंने वहीं से यह संकल्प लिया कि जो 50 प्रतिशत लोग बैंक से जुड़े हैं, यदि हम उसे शत प्रतिशत पहुंचाएंगे, तो वह उपादान बनेगा, वह आलम्बन बनेगा, जो सीधे कम से कम विकास के स्रोतों को सबंधित व्यक्ति तक पहुंचा सकेगा।

इस दूसरी पारी में आते हुए, हम Direct Benefit Transfer यानी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के द्वारा उन लोगों के हाथ में सीधे और सम्पूर्ण सरकारी लाभ पहुंचाने में सफल हो रहे हैं। यह हमारी एक बड़ी उपलब्धि थी। इतना ही नहीं, जो Civil Services हैं, उनमें Common Foundation Course, सभी प्रकार की Civil Services के लिए और इसके साथ-साथ यह भी ध्यान रखा गया कि जो लोग दिव्यांग हैं, जिनके बच्चे दिव्यांग हैं, उन कर्मचारियों के शैक्षिक व्यय के ऊपर मिलने वाली सुविधा को दुगुना करने का प्रयास किया गया। दूसरी तरफ जो अक्षम अधिकारी

हैं, उन्हें व्यवस्था से बाहर किया गया, चाहे रिटायर हुए अथवा कार्रवाई की गई। अगर हम देखें, तो प्रशासनिक व्यवस्था को सुगम करने के लिए सरकार ने पांच वर्षों में बहुत बड़े स्तर पर कार्य किए और इन छः वर्षों में उनको आगे बढ़ाया। महत्वपूर्ण बात यह रही कि पिछले वर्ष दिसम्बर से हम सब आदरणीय अटल जी के जन्मदिन को Good Governance Day के रूप में मनाते हैं और 25 दिसम्बर, 2019 को Good Governance Day के दिन सरकार ने एक निर्णय लिया कि अब एक Good Governance Index होगा, जो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, यानी Union Territories के बीच में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का निर्माण करेगा कि कौन कितना बेहतर प्रशासन चला रहा है। इसके लिए सरकार ने 10 क्षेत्रों का निर्धारण किया और 50 indicators को तय किया। वे दस क्षेत्र हैं - agriculture, commerce and industry, human resource development, public health, infrastructure, economic governance, social welfare, judiciary and public security, environment and citizen-centric governance. एक प्रकार से हमने एक व्यवस्थित स्वरूप बनाया कि केंद्र सरकार ही नहीं राज्य सरकारें भी उस व्यवस्थित ढांचे में आकर बेहतर प्रशासन दें और एक दूसरे के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का निर्माण करें। इतना ही नहीं जो पेन्शनर्स हैं, जो अधिक बुजुर्ग हो जाते हैं, 80 साल से ऊपर के हैं, उनको अपना प्रमाणपत्र देने के लिए आने में असुविधा होती है, तो उसके लिए digital technology और App के माध्यम से उनको अपने life certificate को प्रदान करने की सुविधा को भी सरकार ने व्यवस्थित किया। हम सभी जानते हैं और यह विषय प्रधान मंत्री जी कई बार बता चुके हैं कि सरकारी कार्यों में जो छोटी चीज़ें हैं, GeM के द्वारा जो कार्य किया जा रहा है, उससे अब तक 40 हजार करोड़ रुपये का गवर्नमेंट रेवेन्यू का उपयोग उसमें किया जा चुका है। अभी भूपेन्द्र जी ने उस बात को बताया है, इसीलिए मैं उसके विस्तार में नहीं जाता हूं। मैं बताना चाहता हूं कि financial sector में जितने reforms हुए हैं, tax के बड़े reforms से लेकर, हाल ही में जब Budget आया, तो Income Tax payers charter यानि tax payer charter की भी एक बात हुई है, जिसमें टैक्स पे करने वाले को अपने अधिकार का संरक्षण करने और व्यवस्था में पारदर्शिता को देखने का अधिकार प्राप्त होगा, यह एक और बड़ा प्रशासनिक सुधार है। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि जब हम बड़े विकास की तरफ आगे बढ़ते हैं, तो प्रशासनिक सुधार के साथ नई व्यवस्थाओं को भी देखना पड़ता है, जैसे भारत बहुत तेजी से अब विकसित महाशक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है, तो ऊर्जा की आवश्यकता भी होती है। पिछले समय में हमने International Solar Alliance बनाया था और इस बार हमने Gas Grid की शुरुआत की है अर्थात clean energy जो पर्यावरण के अनुसार उपयोगी ऊर्जा हो, उस दिशा में आगे बढ़ने का हमने प्रयास किया है। अब इसका उल्लेख भी उन्होंने किया कि यदि हम देश के सुदूर कोने में खड़े हुए किसी ग्रामीण, गरीब, मजदूर, किसान, झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले इन्सान के हाथ में शक्ति देना चाहते थे, तो भारत की सुरक्षा की शक्ति जो सैन्य बलों के हाथ में है, उनमें भी सुगम संचालन के लिए बेहतर समन्वय व्यवस्था भी करना चाहते थे, तो एक बहुत बड़ा administrative reform यह भी हुआ कि दुनिया के लगभग सभी बड़े देशों में CDS है, Chief of Defence Staff, परन्तु वह हमारे यहां नहीं था और उस व्यवस्था

की शुरुआत हुई। इससे हमारी सुरक्षा व्यवस्था भी एकरूपता के ढंग से आगे बढ़ सकती है।

उपसभापति जी, इसीलिए मैं कहना चाहूंगा कि जब हमने प्रशासनिक सुधारों की बात कही, तो DBT से लेकर GST तक और GST से लेकर CDS तक कोई भी क्षेत्र हमने छोड़ा नहीं है, लेकिन मोदी जी का यह विचार है कि बाकी लोग तो कहते हैं कि मुझे अमुक वर्ग के लिए करना है, अमुक क्षेत्र के लिए करना है, कुछ लोग कहते हैं कि बहुत लोगों के लिए करना है, परन्तु हमें सबके लिए करना है, क्योंकि हमारा सिद्धांत "सर्वे भवन्तु सुखिन:" है। अब इन विचारों की प्रेरणा भी स्वतंत्रता संग्राम के महान नायकों और संविधान में जिन लोगों ने योगदान दिया, उनसे हमें मिलती है। जैसा कि अभी बताया गया कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी की पुण्य तिथि का यह शताब्दी वर्ष है। उन्होंने कहा था कि स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। अगर देखा जाए, तो हम सबने किताबों में एक शब्द पढ़ा था, जो उनके लिए कहा जाता था कि वे भारतीय असंतोष के जनक थे। मैं कहना चाहूंगा कि यह उचित नहीं है, बल्कि उनके लिए कहना चाहिए कि वह भारतीय स्वराज्य के उद्घोषक थे। यह एक महत्वपूर्ण बात है। जब उन्होंने यह बात कही थी, तो मेरे विचार से, कॉंग्रेस पार्टी इतनी पुरानी है, उन लोगों को ध्यान होगा, तिलक जी के विचार को क्या कहा गया था, यह थोड़ा right wing fundamentalist की बात है। उस समय तक तो विचार यह था कि Executive Council में अधिक से अधिक concessions प्राप्त करने हैं। स्वराज्य का विषय एकदम नया विषय था। यह एक नया विषय लाया गया। कॉंग्रेस को 25 साल लगे उस स्वराज्य के विषय को अंगीकार करने में, जब 26 जनवरी, 1930 को लाहौर कॉंग्रेस अधिवेशन में रावी के तट पर स्वराज्य का वह प्रस्ताव पारित हुआ, तिलक जी के यह संसार छोड़ने के 10 साल बाद, मगर स्वराज्य का वह कार्य, उनकी शताब्दी पूरी होने के बाद, हम उसका वहन करेंगे और उसको अंतिम मुकाम तक पहुंचाएंगे।

अब मैं अगले विषय पर यह बताना चाहता हूं कि आजकल बड़ी चर्चा होती है, बड़ा right wing है, बड़ा fundamentalist है। मैं कहना चाहूंगा कि जब तिलक जी ने कहा, तो उनको थोड़ा extremist बात कही गई थी, मगर हर 20 साल में ये परिभाषाएं बदल जाती हैं। उन्होंने 1905 में कहा और 1925-30 आते-आते लोकमान्य तिलक जी के साथी गोपाल कृष्ण गोखले और गोखले जी के शिष्य महात्मा गांधी, उनके नेतृत्व में स्वराज आंदोलन एक यथार्थ हो गया, यानि जो extreme righ wing कहा जाता था, वह अब reality और moderate हो गया था। अब कॉंग्रेस में extreme right wing कौन थे, मदनमोहन मालवीय, पुरुषोत्तम दास टंडन जी, यहां तक कि यह कहा जाता था जिनको so-called Hindu leaning वाले लोग कहते थे - सरदार पटेल जी, डा. राजेन्द्र प्रसाद जी, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी जी और 20 साल गुजरे, तो आज़ादी मिल गई और ये सब सरकार के हिस्से हो गए। जिसे आप right wing कहते थे, वह अब moderate हो गये। अब right wing कौन था? जो आप हमारे संस्थापक लोगों के बारे में कहते थे, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, दीनदयाल उपाध्याय जी के बारे में कहते थे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और 20 साल गुजरे, तो सांस्कृतिक राष्ट्रवाद स्वीकार्य हो गया। लोहिया जी ने कहा कि मैं राष्ट्रवादी, समाजवादी

हूं और दीनदयाल जी ने कहा कि मैं समाजवादी, राष्ट्रवादी हूं। अब इस right wing के प्रतीक कौन थे, 70 के दशक में, अटल बिहारी वाजपेयी जी, "हिन्दू तन मन हिन्दू जीवन रग-रग हिन्दू मेरा परिचय" और 20 साल गुजरे, 90 का दशक आया, अब अटल जी स्वीकार्य थे, अब आडवाणी जी right wing थे, और 20 साल गुजरे 2010 का दशक आया, अब आडवाणी जी स्वीकार्य थे, मोदी जी आपको नजर आते हैं। महोदय, मगर इन पूरे 100 सालों के कार्यक्रमों को देखिए, तो व्यवस्थाएं क्रमश: उस दिशा में आगे बढ़ रही हैं, जिसे हम राष्ट्रवाद कहते हैं, आप right wing कहते हैं। आपको कालचक्र की इस गति को भी समझना चाहिए।

महोदय, अब मैं एक बात और बताना चाहता हूं। मैंने बचपन में पढ़ा था कि जब तिलक जी, वर्ष 1916 के लखनऊ काँग्रेस अधिवेश में न आए, तो वर्ष 1907 में सूरत में नरम दल और गरम दल का विभाजन हो गया था और वर्ष 1916 के लखनऊ अधिवेशन में दोनों का समन्वय हुआ, परन्तु दोनों दलों में, सहज स्वीकार्य, लोकमान्य तिलक थे और स्थिति यह थी कि लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर जब उनकी ट्रेन आई, तो उनके लिए जो बग्घी लगाई गई थी, जिसमें बैठकर वे मोती नगर में सभा स्थल पर जाएंगे। मुस्लिम लीग ने अपना अधिवेशन रफायाम क्लब में किया था, परन्तु क्या हुआ कि तिलक जी आकर बग्घी की तरफ बढ़े, तो एक नवयुवक ने जाकर बग्घी से घोड़े को खोला और वह स्वयं उस बग्घी में जुत गया और देखते-देखते तमाम नवयुवक आकर जुत गए और वह जो पहला नवयुवक था, जिन्होंने बग्घी से घोड़ा खोलकर, घोड़े की जगह खुद जुतकर बग्घी को खींचना प्रारम्भ किया, वे थे शहीद राम प्रसाद बिस्मिल। यह इस बात का प्रतीक है कि वे किस प्रकार से इंस्पायर करते थे।

महोदय, आजकल भी राम प्रसाद बिस्मिल जी की बातों का बड़ा उल्लेख हो रहा है। कई जगहों पर प्रदर्शनों में बड़े चित्र दिख रहे हैं और बोला जा रहा है-

"सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है।

देखना है जोर कितना बाजु-ए-कातिल में है?"

मगर आज जिन मुद्दों को लेकर, जिस तरीके से और जिस प्रकार के विचार व्यक्त किए जा रहे हैं, उन्हें देखकर तो मुझे लगता है -

"सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है।

ओ रे बिस्मिल काश आज आते हिन्दोस्तां।

देखते सारे प्रोटेस्टर्स क्या टशन और थिल में हैं।"

इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो लोग आज उनके बारे में विचार कर रहे हैं, उन्होंने उन विचारों को पढ़ा, लेकिन समझा नहीं। अब फिर क्या विचार शुरू हो जाता है-संविधान के अनुसार कार्य होना चाहिए। संविधान में सबको अधिकार दे रखे हैं। संविधान में सबको मौलिक

3.00 P.M.

अधिकार दे रखे हैं और उन मौलिक अधिकारों के अनुसार सारे कार्य होने चाहिए।

उपसभापति महोदय, आजकल जब संविधान के अनुसार कार्य करने की बात आती है, तो मुझे ध्यान आया कि संविधान को देखा जाए और संविधान की मूल प्रति पर भी थोड़ी दृष्टि डाली जाए। जब संविधान की मूल प्रति के उस हिस्से को देखा, जिसमें मूल अधिकारों की बात है, तो संविधान सिर्फ अक्षरों से लिखी हुई एक किताब नहीं है, बल्कि वह जीवन्त प्रेरणा का एक स्रोत है, जिसके अन्दर मूल्य होते हैं। इसीलिए जब यह संविधान बना, तो यह विचार किया गया कि केवल लिखे गए शब्दों से नहीं, अपितु इसके अंदर प्रेरणा के स्रोतों की कुछ अभिव्यक्ति भी होनी चाहिए। अत: उसके अंदर कई चित्र भी डाले गए। श्री नन्द लाल बोस, जो कि प्रख्यात चित्रकार थे, उन्होंने चित्र डाले, तो मैंने देखा कि जिस हिस्से में अधिकारों का वर्णन है, अगर आप देखें, तो उसके ऊपर चित्र किस का बना है? मैं दिखाना चाहता हूं कि उसके ऊपर चित्र बना हुआ है-भगवान राम का। यह चित्र मैं दिखाना चाहता हूं। यह संविधान की मूल प्रति मेरे हाथ में है। अगर आज हम यह बात कहें और अगर आज भगवान राम का विषय किसी सरकारी पुस्तक के ऊपर भी आ जाए, तो मेरे विचार से बहुत बड़ा वितंडावाद खड़ा हो जाएगा, परन्तु संविधान निर्माताओं के विचार में सारे अधिकार मर्यादा की सीमा के अनुसार हैं। शायद इसीलिए उन्होंने उस पृष्ठ के ऊपर भगवान राम के उस चित्र को रखा। आपने अभी देखा भगवान राम का विषय, राम जन्मभूमि का विषय भी, सभी मर्यादाओं और व्यवस्थाओं को पूर्ण करते हुए, मर्यादा पुरुषोत्तम का वह विषय पूरी मर्यादा के साथ अपने मुकाम तक पहुंचा।

महोदय, इसे देखकर एक बात मेरे मन में आई कि इस मुकदमे में पैरोकार स्वयं श्री राम लला विराजमान थे और श्री राम लला 70 साल तक कोर्ट में विराजमान रहे और उनसे मांगे गए कागज कि जन्मभूमि के कागज दिखाओ। पूरे कागज, 500 साल पुराने भी दिखाइए, क्योंकि सुबूत के आधार पर ही निर्णय होगा।

उपसभापति महोदय, कागजात सिर्फ संस्कृत और हिन्दी में नहीं, अंग्रेज़ी में नहीं, बल्कि कागज फारसी में भी दिखाने पड़े, जो फारसी के कागज थे। यह प्रमाण, हमारे विरोध पक्ष के श्री कपिल सिब्बल जी, उसमें रहे थे, उन्होंने तो वे फारसी के कागज भी देखे होंगे। कहावत है-

"हाथ कंगन को आरसी क्या,

पढ़े-लिखे को फारसी क्या?"

उन्होंने दिखाया और जो लोग काफी ऊँचे-ऊँचे हाथ उठाकर कहते थे कि कागज और सबूत के आधार पर ही राम लला जहाँ विराजमान हैं, वहाँ तय होगा, किसी यकीन पर नहीं तय होगा,

वे आज कहते हैं कि हम जहाँ विराजमान हैं, वहाँ मान लो, कागज दिखाने की जरूरत नहीं है।

उपसभापति जी, इसे देखकर तो मुझे ऐसा लगता है कि,

"रामचन्द्र कह गए सिया से
ऐसा कलयुग आएगा कि,
राम लला तो कागज देंगे,
बाकी कोई न दिखाएगा।"

मैं इसके आगे यह कहना चाहता हूं कि आज ...**(व्यवधान)**..

श्री दिग्विजय सिंह (मध्य प्रदेश): कौआ मोती खाएगा।

डा. सुधांशु त्रिवेदी: नहीं, वह तो बहुत लंबे समय तक के लिए हो चुका। अब मैं यह कहना चाहता हूं कि अभी भूपेन्द्र यादव जी ने जिस बात का उल्लेख किया, 2003 की समिति का उल्लेख किया, उन्होंने उसका उल्लेख कर दिया कि Citizenship (Amendment) Act के लिए 2003 में Ministry of Home Affairs की जो कमेटी बनी थी, जिसकी अध्यक्षता श्री प्रणब मुखर्जी कर रहे थे, उन्होंने सदस्यों के नाम भी बता दिए, मैं उसमें सिर्फ दो प्वाइंट्स add करना चाहूंगा। उसमें एक सदस्य श्री जनेश्वर मिश्र भी थे, जिन्हें छोटे लोहिया कहा जाता था। मेरे विचार से आज कोई भी समाजवादी यह दावा नहीं कर सकता कि वह जनेश्वर मिश्र जी से बेहतर संवैधानिक, सामाजिक या राजनीतिक समझ रखता हो। उस कमेटी की रिपोर्ट के बिंदु क्रमांक 9 में एक महत्वपूर्ण बात लिखी थी। उसमें लिखा था कि बंगलादेश की minorities को refugee category में citizenship देनी है। इसमें आगे लिखा था - majority को refugee category में नहीं देनी है। अगर आप 2012 का वह असम काँग्रेस का अधिवेशन देख लें, 2012 का श्री तरुण गोगोई जी का वक्तव्य देख लें, 2003 का मनमोहन सिंह जी का सदन में दिया हुआ वक्तव्य देख लें या 2012 को कोझिकोट का कम्युनिस्ट पार्टी का अधिवेशन देख लें, तो वह सब तो ठीक है, लेकिन जब संसदीय समिति में उन सारे महत्वपूर्ण लोगों ने लिखा कि इसको देना है, इसको नहीं देना है, तब इसके बाद मैं नि:शब्द हो जाता हूं।

उपसभापति महोदय, मुझे समझ में नहीं आता है कि मैं लिखे हुए शब्द को देखूं या बोले हुए शब्द को देखूं? जब लिखे हुए शब्द और बोले हुए शब्द में इतना अंतर आता है, तब मुझे वही गाना याद आता है कि,

"देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान
कितना बदल गया इंसान।"

SHRI P. BHATTACHARYA: Can I say something?

श्री उपसभापति: अगर वे yield करते हैं, if he yields, then I have no problem. ...*(Interruptions)*...

डा. सुधांशु त्रिवेदी: पहले मैं अपना वक्तव्य पूरा कर लूं, उसके बाद आप जो उचित समझें।

उपसभापति जी, अब मैं ...**(व्यवधान)**...

SHRI ANAND SHARMA: Sir, I have a point of order. जो भी चर्चा होती है, वह नियमों पर आधारित होती है। यहाँ पर कई सदस्यों का नाम जरूर लिया गया है, जो कि यहाँ पर मौजूद नहीं हैं, वह चाहे पूर्व राष्ट्रपति जी का ही नाम क्यों न लिया गया हो। मैं इस पर आपत्ति की कोई बात नहीं कह रहा हूं। यहाँ पर हमारे वर्तमान सदस्यों का भी नाम लिया गया है। सदन में जब दूसरा पक्ष बोलेगा, तब वह उस बात को स्पष्ट करेगा। सदन में वह भी कहा गया, जो नहीं कहना चाहिए, सदन में विपक्षी दल के लिए आप अपनी बात रखें कि जिस तरह से भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस सुप्रीम कोर्ट में पार्टी थी, जिसका जिक्र किया जा रहा है, वह बात गलत है। मैं इस record को ठीक करना चाहता हूं कि भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस का stand बड़ा clear रहा था कि जो सर्वोच्च न्यायालय कहेगा, हम उसको स्वीकार करेंगे।

उपसभापति जी, आखिरी बात यह है कि जिस समिति का आपने जिक्र किया है, माननीय पि. भट्टाचार्य जी उसके सदस्य रहे हैं, इसलिए इनका अधिकार भी बनता है, कृपा करके इन्हें बोलने का अवसर दें। ऐसा मेरा आपसे भी आग्रह है, ताकि यदि आपका भी कोई स्पष्टीकरण हो, तो उस पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। ...**(व्यवधान)**... इस पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए। ...**(व्यवधान)**... कर सकते हैं।... yield करें। ...**(व्यवधान)**... यह भी परंपरा है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आनन्द शर्मा, जी आप बैठिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI P. BHATTACHARYA (West Bengal): Sir, I have a point of order.

श्री भूपेन्द्र यादव: मैं एक मिनट में अपनी बात कह रहा हूं। मेरे तथ्यों में ऐसा नहीं था कि कॉंग्रेस पार्टी थी, लेकिन अगर कॉंग्रेस पार्टी है तो मैं उस record को करेक्ट करता हूं, परंतु जिन्होंने argument किया था वे कॉंग्रेस के नेता थे, आप इससे इंकार नहीं कर सकते हैं। शाहीन बाग में दिग्विजय सिंह जी गए, वे कॉंग्रेस के नेता थे ...**(व्यवधान)**... वे प्रतिनिधित्व के लिए गए और वह एक factual बात है, जो सबके सामने है।

डा. सुधांशु त्रिवेदी: उपसभापति महोदय ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: सुधांशु जी ...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा: मैं एक चीज़ जरूर कहूंगा कि भूपेन्द्र यादव जी वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, वकील हैं, इस सदन में कई लोग हैं, हमने भी वकालत की है, वह सही है, माननीय उपसभापति महोदय आप भी हैं और इन्होंने जिनका जिक्र किया है, वे भी देश के बड़े वकीलों में से हैं। वकील किसके मुकदमे की पैरवी करे, वह वकील का अपना अधिकार है। जिस दल से आप हैं, अगर मैं कहूं कि आपके दल के, जिसका आपने नाम भी लिया, उन्होंने इंदिरा गाँधी जी के हत्यारों की भी वकालत की थी, तो वकील की बात को आपके दल से जोड़ा जाए, यह उचित नहीं होगा।

श्री उपसभापति: माननीय आनन्द जी, मैं वकील नहीं हूँ, पर वकीलों की बात बड़े ध्यान से सुनता हूँ।

श्री भूपेन्द्र यादव: सर, चूँकि मेरा नाम लिया गया है, तो मैं clarification देना चाहता हूँ। कोई भी वकील अपने तथ्यों का argument कर सकता है, पर यह नहीं कर सकता है कि आप यह matter इसलिए adjourn कर दो कि बीजेपी जीत जाएगी। इसलिए वह तो political argument हुआ। आपने facts पर कब argument किया? आपने तो political argument किया, तो उसको political ही कहा जाएगा। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: प्लीज़, प्लीज़। अब माननीय प्रदीप जी को बोलने दें। ...**(व्यवधान)**... प्लीज, आपकी बात में कमिटी की बात उठी थी। माननीय प्रदीप जी, आप बोलिए।

SHRI P. BHATTACHARYA: The hon. Member, without knowing the fact, is coming out with a statement that all the Members of the Committee supported the Citizenship Amendment Bill or that this amendment was supported by all the Members of the Committee. That is not correct. I had given the amendments. We had given dissent note. ...*(Interruptions)*... Let me explain it. That is written. I have given it in writing. You can check the record. You will find out all these things. Why are you saying that all the Members agreed with this thing? You are misleading the House. How can you do this thing? I personally did that. ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: माननीय प्रदीप जी, धन्यवाद। आपने कह दिया, now, let him speak and explain. ...*(Interruptions)*... You please take your seat.

डा. सुधांशु त्रिवेदी: उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य ने जो कहा, आप रिकॉर्ड में देख लें, मैंने कहीं यह शब्द नहीं बोला है कि सभी सदस्य सहमत थे। यदि वह dissent है, तो वह उनका अधिकार है। Dissent तो तत्कालीन चेयरमैन को दिया गया होगा जिसके चेयरमैन तो प्रणब मुखर्जी साहब थे।

अब मैं अगले विषय पर आता हूँ। देखिए, जब CAA का विषय आता है, तो आजकल दो विषय और उठाए जाते हैं कि एक तो यह संविधान की भावना के अनुरूप नहीं है और दूसरा

यह भारतीय संस्कृति की भावना के अनुरूप नहीं है। मैं सिर्फ यह कहना चाहूँगा कि हमारी संस्कृति तो वह रही है कि हमने शरण में आए हुए व्यक्ति की रक्षा के लिए ऐसे-ऐसे उदाहरण दिए हैं, जो आपको विश्व में कहीं नहीं मिलेंगे। भारतीय पुराणों में और बौद्ध जातक कथाओं में राजा शिबि का उल्लेख आता है। एक कबूतर, जिसको बाज पकड़ रहा था, वह उनकी शरण में आ जाता है और कहता है कि मेरे प्राणों की रक्षा करिए। राजा शिबि कहते हैं कि ठीक है, मैं रक्षा करूँगा। वे बाज को कहते हैं कि यह मेरे शरणागत हो गया, अब यह तुम्हें नहीं मिलेगा, तो बाज कहता है कि मैं भी तो आपकी प्रजा हूँ, यह मेरा भोजन है, आप मुझे अपने भोजन से वंचित कैसे कर सकते हैं। फिर राजा शिबि कहते हैं कि यह भी ठीक है, तो अब मैं इस शरणागत को नहीं छोड़ूँगा, परन्तु यदि तुम्हें भोजन चाहिए, तो अपने शरीर से उतना ही माँस निकालने को तैयार हूँ। चूँकि भगवान उनकी परीक्षा ले रहे थे, पुराणों और जातक कथाओं में ऐसी मान्यता है कि उसका weight बढ़ता चला गया और आखिर में राजा शिबि पूरे पलड़े में बैठ गए। तब भगवान ने प्रकट होकर कहा कि तुमने शरणागत की रक्षा का पूरा दायित्व निभाया, हम तुम्हारा सम्मान करते हैं। शायद इसीलिए अटल जी ने यह पंक्ति लिखी थी,

"मैंने छाती का रक्त पिला पाले विदेश के क्षुधित लाल,
मुझको मानव में भेद नहीं, मेरा अंतस्थल वर विशाल,
शरणागत की रक्षा की है मैंने जीवन भी देकर,
विश्वास नहीं यदि आता, तो यह साक्षी है इतिहास हमारा।"

अब कहा जाएगा कि आप शरणागत को दे रहे हैं, तो सबको क्यों नहीं दे रहे हैं, तो भारतीय संस्कृति में यदि राजा शिबि के कबूतर की कथा है, तो तक्षक नाग की भी कथा है। राजा परीक्षित को श्राप मिला था। वह यह था कि कोई साँप आकर उनको मारेगा। उन्होंने पूरी व्यवस्था कर ली थी। उसके बाद फलों के बीच में घुस कर एक छोटा सा सर्प तक्षक अन्दर पहुँचने में सफल हो गया, उसने राजा परीक्षित को डस लिया और उनकी मृत्यु हो गई। अब इस बात से सबक लेकर उनके पुत्र राजा जन्मजेय ने एक ऐसा यज्ञ किया था, जिसमें सारे के सारे नाग आकर भस्म होने लगे थे। इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि दूध भी पिलाते हैं, परंपरा है हमारे मित्र, किन्तु नाग यज्ञ का विधान नहीं भूले हैं। इसलिए घुसपैठिए और शरणागत, दोनों के नीर-क्षीर विवेक की क्षमता हमें भारतीय संस्कृति और परंपरा भी देती है।

अब हम आधुनिक समय में आएँ, तो कहा जाता है कि साहब, आप बराबरी का व्यवहार नहीं कर रहे हैं, आप गंगा-जमुनी तहजीब के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूँ कि यह 'गंगा-जमुनी तहजीब' word कहाँ से शुरू हुआ? सबसे पहले इस शब्द का प्रयोग होता है, जब मुगल शहजादे दारा शिकोह ने अपनी किताब लिखी - मज्म उल बहरैन, जिसका मतलब होता है दो समुद्रों का मिलन, विलय। अब आप बताइए, जिसे दो समुद्रों का मिलन कहता है,

वह आदर्श नहीं, बाकी दूसरे लोग आदर्श हैं। इस देश की गंगा-जमुनी तहज़ीब तो यह थी कि बुल्लेशाह ने वह बोला था, जो किसी को भी सुनने में आज बड़ा अजीब लगेगा। उन्होंने कहा था-

'आज होली खेलूंगी, मैं कह बिस्मिल्लाह'

यह बुल्लेशाह ने बोला था। आगे की लाइन में उन्होंने जो कहा, वह अरबी भाषा का एक शब्द है,

"'अलस्तु बी रब्बिकुम' प्रीतम बोले, सब सखियों ने घूंघट खोले
नाम नबी की रतन चढ़ी, बूंद पड़ी अल्लाह-अल्लाह
आज होली खेलूंगी, मैं कह बिस्मिल्लाह।।"

मगर इसको आपने माना क्या? अब मैं एक और उदाहरण देता हूं। चित्रकूट के घाट की घटना थी, अब्दुल रहीम खानखाना और तुलसीदास जी दोनों अच्छे मित्र थे और दोनों साथ-साथ रहते थे। जब अब्दुल रहीम खानखाना वहां की मिट्टी उठाकर अपने सिर पर लगा रहे थे, तो तुलसी ने उनसे छंद में पूछा कि आप यह मिट्टी सिर पर क्यों लगा रहे हैं? आप गंगा-जमुनी तहज़ीब की बात कहना चाहते हैं, इस प्रसंग को सुनें। तुलसी दास जी ने यह पूछा कि अरे! आप यह धूल सिर पर क्यों लगा रहे हैं?-

"धूर धरत नित सीस पै, कहु रहीम केहि काज"
तो रहीम ने क्या जवाब दिया? उन्होंने कहा -
"जेहि रज मुनि-पतनी तरी, सोई ढूंढत महाराज ?"

मैं भगवान राम के चरणों की वह रज ढूंढ़ रहा हूं, जिससे मुनि की पत्नी तर गई थी और मेरा भी उद्धार हो जाए। उस समय कोई समस्या नहीं थी, लेकिन अगर आज बुल्लेशाह होते तो फ़तवा जारी हो जाता और बहुत सारे लोग उनके समर्थन में खड़े हो जाते, यह मेरा पक्का मानना है। यह देश की धर्मनिरपेक्षता के ऊपर हमला है। मैं कहना चाहता हूं, यह जो गंगा-जमुनी तहज़ीब थी, इसमें आज़ादी के बाद तक भी कोई समस्या नहीं थी। यह सारी समस्या 1976 के बाद आई है, जबसे सेकुलर शब्द का प्रयोग अपने राजनैतिक हित में करने की शुरुआत हुई है। मैं आपसे एक बात पूछना चाहूंगा, आप सबने वह सुना होगा - 'मन तड़पत हरि दर्शन को आज, यह गाना किसने गाया था? यह गाना मोहम्मद रफ़ी जी ने गाया था। लिखा किसने था? श्री शकील बदायूँनी जी ने लिखा था। संगीत किसने दिया था? नौशाद जी ने दिया था। गंगा-जमुनी तहज़ीब ये थी।

डा. के. केशव राव (आंध्र प्रदेश): इनकी स्पीच बहुत इंटरेस्टिंग है।...**(व्यवधान)**..... one minute.

इनकी स्पीच बहुत इंटरेस्टिंग है। An atheist like my is still attending you, लेकिन इसके लिए एक वन फुल डे सेशन हो जाए, जिसमें आप अपनी धर्म की चर्चा करें।

डा. सुधांशु त्रिवेदी: नहीं, मैं सिर्फ यह बताना चाह रहा हूं कि गंगा-जमुनी तहज़ीब ये थी। संयोग तो यह है कि इनकी नज़र किधर जाती है? मैंने अभी तक जितने भी नाम गिनाए हैं, क्या इन लोगों की जयंती मनाते हुए कभी वे लोग नज़र आए, जो आज प्रदर्शन करते नज़र आ रहे हैं। आज वे लोग नज़र नहीं आते। आज तो वे कहते हैं कि हमने 800 साल इस देश पर हुकूमत की थी। अभी कुछ ही दिन पहले यह बयान आया था, फिर कहते हैं कि साहब, हम तो मज़लूम हैं, हमें अधिकार मिलना चाहिए। ऐसी विचित्र स्थिति आज देश में खड़ी करने का प्रयास किया जा रहा है, जो सत्य से बिल्कुल परे है। आपने पूरी दुनिया में कभी यह नहीं सुना होगा कि कोई यह भी कहे कि हमने इस देश पर शताब्दियों तक हुकूमत की है और फिर यह कहे कि हमें special status मिलना चाहिए। मैं पूरी ईमानदारी से एक बात कहना चाहता हूं। 1947 में जब यह देश आज़ाद हुआ था, तो 567 रियासतें थीं। आप यह बताइए, जब हम माइनॉरिटी की बात करते हैं, तो आज देश की सबसे अधिक पढ़ी-लिखी कम्युनिटी कौन सी है? पारसी है, जो 0.1% की माइनॉरिटी में है। सबसे prosperous community कौन सी है? जैन है, जिनकी 1.0% की माइनॉरिटी है। सबसे बड़ी entrepreneur community कौन सी है? सिख है, जिनकी 1.8% की माइनॉरिटी है। अगर इन सबको prosperity, education और आगे बढ़ने के सारे अवसर मिल रहे हैं, तो माइनॉरिटी में जो प्रचंड मेजॉरिटी में हैं, उनके साथ समस्या कैसे आई, यह विचार करने का विषय है। जब देश आज़ाद हुआ, तो बताइए कि क्या कोई बौद्ध रियासत थी? नहीं थी। क्या कोई क्रिश्चियन रियासत थी? नहीं थी। क्या कोई पारसी रियासत थी? नहीं थी। एक महाराजा पटियाला को छोड़ दें, तो सिख रियासतें भी नहीं थीं, मगर लाइन लगाकर मुस्लिम रियासतें थीं। नवाब पटौदी, नवाब रामपुर, नवाब भोपाल, नवाब लखनऊ, निज़ाम हैदराबाद, जूनागढ़ के नवाब, ये सब थे, फिर ऐसे हालात क्यों हो गए? जब बाकी सब माइनॉरिटीज़ पढ़ाई-लिखाई में और बाकी सारी चीज़ों में आगे हैं, तो ऐसे में एक ही वर्ग पीछे होता चला गया, ऐसा क्यों? मुझे लगता है कि इसमें दोष, अदावत की और मोहब्बत की जो सियासत की गई, उसका भी है। किसी ने दिखाने की कोशिश की कि हमें तुमसे बड़ी मोहब्बत है, तो किसी ने यह दिखाने की कोशिश की कि फलां को तुमसे बड़ी अदावत है। उस सियासत ने हमें कहां पहुंचाया?

'किसी को किसी की मोहब्बत ने मारा,
किसी को किसी की अदावत ने मारा,
पर इस शराफ़त अली को सेकुलर सियासत ने मारा'।।

इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं, आज पूरे देश में जो सामने दिखाई पड़ रहा है, उस यथार्थ को देखिए। जानते हैं ज्यादा खतरनाक बात क्या हो रही है? मैं सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि ज्यादा खतरनाक बात यह हो रही है कि अब यह बहुत उग्र स्वरूप में आगे

बढ़ने का एक प्रयोग किया जा रहा है। उसका उदाहरण मैं यह कहना चाहूँगा कि जब CAA का विरोध हुआ, तो विषय क्या था कि असम की संस्कृति की रक्षा करनी है या असम के लोगों के हितों की रक्षा करनी है, मगर सबसे पहले आन्दोलन कहाँ शुरू हुआ, जामिया में। उसके बाद अलीगढ़ में, उसके बाद नदवां में। उसके बाद हमारे दूसरे सदन के एक सांसद हैं, जो हैदराबाद के सबसे बड़े झंडाबरदार अलम्बरदार बन गये। सबसे पहले रिजॉल्यूशन कहाँ पास हुआ, केरल की असेम्बली में। इसे बहुत ही सहजता से समझा जा सकता है, इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है। उपसभापति महोदय, एक बात और सुनिए कि उसके उपरान्त क्या हुआ। ये सारे विषय गौण हो गये। पता नहीं उसके अन्दर कौन-कौन से विषय आने लगे—कश्मीर से लेकर, धारा 370 से लेकर, देश को अलग करने से लेकर असम को परमानेंट अलग करने तक। तो यह देख कर मन में यह संदेह उत्पन्न होता है कि यह सारा का सारा जो घटनाक्रम है, हम सभी लोग बहुत जिम्मेदार लोग हैं, हमें यह समझना चाहिए कि ये सारी की सारी चीज़ें जो हो रही हैं, क्या हमारी गंगा-जमनी तहजीब के हिसाब से हैं, क्या हमारे संविधान के हिसाब से हैं या जो संविधान में कमेटियों में लिखा, उसके हिसाब से हैं या फिर यह कोई एक खतरनाक प्रयोग है? हम जाने-अनजाने में उसके शिकार होते चले जा रहे हैं और देश तथा समाज को भी उसकी गिरफ्त में लाते चले जा रहे हैं। जब कोई इस प्रकार का कार्य होता है, तो—

मैं सिर्फ एक उदाहरण और fact quote करना चाहूँगा। एक बहुत बड़े पत्रकार Mark Tully हैं, जो 26 वर्ष भारत में रहे। वे BBC के संवाददाता रहे।

उपसभापति महोदय, यह पुरानी बात नहीं है। उन्होंने 22 सितम्बर, 2019 को एक आर्टिकल लिखा है। उस आर्टिकल में उन्होंने क्या लिखा है कि "Muslims in India are the luckiest." यानी भारत में रहने वाले मुस्लिम समाज के लोग सर्वाधिक भाग्यशाली हैं। उन्होंने उसका एक उदाहरण दिया कि मैं 26 साल दिल्ली के निज़ामुद्दीन इलाके में रहा, मेरे यहाँ से थोड़ी दूरी पर हजरत निज़ामुद्दीन औलिया की दरगाह थी और थोड़ी दूरी पर तबलीग़ी जमात का ऑफिस था। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई दूसरा देश होता तो 26-27 साल में कोई एक-दूसरे को समाप्त जरूर कर देता, परन्तु भारत के मुस्लिम इसलिए भाग्यशाली हैं क्योंकि वे अपने मजहब के अन्दर भी जिस तरीके से चाहें उस तरीके से इबादत कर सकते हैं। यह कहने वाला कोई संघी या भाजपाई नहीं है, बल्कि यह कहने वाला एक वह पत्रकार है, जिसने पूरी जिन्दगी भारत में गुजारी है और उसने यह 2019 में कहा है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूँ कि जो कुछ भी हो रहा है, इस पर किसी भी प्रकार का खतरनाक खेल सभी के लिए नुकसानदेह हो सकता है। यह नहीं सोचना चाहिए कि सिर्फ हमारा हित साधन होगा और दूसरे को क्षति होगी और वह भी विशेषकर जब बगैर किसी आधार के यह बात हो रही हो। मैं फिर एक पंक्ति क्वोट करना चाहूँगा। राहत इंदौरी एक बड़े प्रसिद्ध शायर हैं, मैं उनकी एक पंक्ति क्वोट करना चाहूँगा। वह बड़ी फेमस कविता है। आप लोगों को बहुत ध्यान में होगी कि:

"अगर है खिलाफ, तो खिलाफ होने दो,
यह सब धुआँ है, कोई आसमान थोड़ी है।"

आगे है:

"लगेगी आग तो आयेंगे घर कई ज़द में,
यहाँ पर सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है?"

यह विचार, बिल्कुल ध्यान रखिए कि हम सिर्फ अपना हित साधन करते हुए आगे निकल जायेंगे, ऐसा नहीं है।

अन्त में मैं यह कहना चाहूँगा कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के पहले ...**(व्यवधान)**... यह अगर आपको समझ में आ जाता, तो दुनिया कुछ और होती साहब! ...**(व्यवधान)**... अब मैं एक बात और कहना चाहता हूँ। ...**(व्यवधान)**...

एक माननीय सदस्य: वह आपके लिए ही कहा था। ...**(व्यवधान)**...

डा. सुधांशु त्रिवेदी: नहीं, नहीं। सुनिए, सुनिए। ...**(व्यवधान)**... वह अगर आप कहना चाहते हैं, तो ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप चेयर को एड्रेस करें।

डा. सुधांशु त्रिवेदी: सर, अन्त में मैं सिर्फ यह कहना चाहूँगा कि राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण के प्रथम बिन्दु पर यदि हम जायें— मैं वहाँ से समाप्त करना चाहूँगा। यदि हम प्रथम बिन्दु पर जायें, तो उन्होंने क्या कहा कि 24वीं सदी के तीसरे दशक की शुरुआत हो रही है। अब मैं कहना चाहूँगा कि जब 24वीं सदी और तीसरा दशक आये, तो अगर हम थोड़ा सा गौर करें, तो जब 20वीं सदी का पहला सूरज उगा था, सन् 90 में, तो उस समय इस देश में किसकी सरकार थी, अंग्रेजों की, 20वीं सदी के मध्य में यानी 1954 में जब इस देश में पहला सूरज उगा, तो इस देश में किसकी सरकार थी, कॉंग्रेस की और 2001 में जब 21वीं सदी के पहले सूरज की पहली किरण इस धरती पर पड़ी तो इस देश में किसकी सरकार थी, अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भाजपा की और दूसरे दशक में मोदी जी के नेतृत्व में स्पष्ट बहुमत की और तीसरा दशक शुरु हुआ, तो दोबारा और अधिक बहुमत की। इसका मतलब नियति का संकेत है कि 19वीं सदी अंग्रेज की थी, बीसवीं सदी कॉंग्रेस की थी और 21वीं सदी भारतीय जनता पार्टी की है। इसलिए आप सब लोग इन विचारों को समझिए, साथ में आइए और जो देश में प्रदर्शन चल रहा है, जो विचार चल रहा है, यह पूरे तरीके से तथ्यों पर आधारित नहीं है और जिस प्रकार से आग लगाने का प्रयास हो रहा है, उसे आप रोकने का प्रयास करिए, सत्य को ढंकने का प्रयास मत करिए। जैसे सूरज को परछांई से ढका नहीं जा सकता, उसी ढंग से सत्य को

ढका नहीं जा सकता। आप इस यथार्थ को समझिए, मिलकर साथ चलिए तो देश के लिए भी उत्तम होगा।

मैं यह पंक्ति कहकर अपना भाषण समाप्त करूंगा, अटल जी ने कहा था—

"भरी दोपहरी में अंधियारा, सूरज परछांई से हारा,
इसलिए अंतरतम का नेह निचोड़ें, बुझी हुई बाती सुलगाएं,
आओ मिलकर दीया जलाएं।

इसलिए देश की इस दिशा में मिलकर कार्य करें, यही कहकर मैं अपना निवेदन समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Motion that has been moved and seconded that an Address be presented to the President in the following terms:—

"That the Members of the Rajya Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on January 31, 2020." Now, there are 477 Amendments to the Motion which may be moved at this stage. Amendments (Nos. 1 to 108) by Shri Vishambhar Prasad Nishad, Shrimati Chhaya Verma and Ch. Sukhram Singh Yadav. Shri Vishambhar Prasad Nishad, are you moving?

श्री विशम्भर प्रसाद निषाद (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:-

1. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

   "किन्तु खेद है कि देश में विभिन्न मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से चल रहे धरना-प्रदर्शनों के समाधान हेतु उठाए जाने वाले कदमों का उल्लेख नहीं है।"

2. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

   "किन्तु खेद है कि धार्मिक आधार पर निर्णयों को बंद कर सभी के साथ समान भाव से निर्णयों का उल्लेख नहीं है।"

3. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

   "किन्तु खेद है कि देश में मानवाधिकार हनन की रोकथाम हेतु उठाए जाने वाले कदमों का उल्लेख नहीं है।"

4. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि एनपीआर में जोड़े गए नये कॉलम्स में मांगी जाने वाली जानकारी को हटाने का उल्लेख नहीं है।"

5. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि सीएए में सभी धर्मों के लोगों को नागरिकता देने हेतु संशोधन का उल्लेख नहीं है।"

6. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि देश के बेरोजगारी आंकड़ों को एकत्रित करने हेतु बेरोजगारी रजिस्टर बनाए जाने हेतु उल्लेख नहीं है।"

7. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि देश में राष्ट्रीय स्तर पर जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) बनाए जाने हेतु उल्लेख नहीं है।"

8. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में फीस बढ़ोत्तरी को वापस लेने हेतु उठाए जाने वाले कदमों का उल्लेख नहीं है।"

9. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि देश में आवश्यक खाद्य पदार्थों की महंगाई कम करने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों का उल्लेख नहीं है।"

10. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि भारतीय रेल को धीरे-धीरे निजी हाथों में सौंपने से रोकने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों का उल्लेख नहीं है।"

11. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद हैं कि भारतीय रेल आईआरसीटीसी तेजस एक्सप्रेस में विभिन्न तबके के लिए रियायती टिकटें न देने की नीति को समाप्त करने का उल्लेख नहीं है।"

12. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि श्रम कानूनों और अधिक प्रभावी बना कर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लागू करवाने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों का उल्लेख नहीं है।"

13. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि देश में संचालित किसान जन सेवा केन्द्रों से किसानों हेतु सही समय पर सूचनाओं को मुहैया करवाने हेतु खाली पड़े पदों पर नियुक्ति हेतु उल्लेख नहीं है।"

14. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि देश के गऊशालाओं में मर रही गायों को बचाने के लिए उनके भोजन सहित समस्त संसाधन उपलब्ध कराने हेतु उल्लेख नहीं है।"

15. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि जीएसटी के तहत राज्यों के हिस्से में प्राप्त कम राशि को पूर्व की भांति अधिक राशि जारी करने का उल्लेख नहीं है।"

16. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि देश में अलाभकारी होती कृषि के कारण लगातार किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं को समाप्त करने हेतु उठाए जाने वाले ठोस कदमों की जानकारी नहीं है।"

17. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि देश में किसानों के सभी फसलों को लागत मूल्य से अधिक मूल्य दिलाए जाने वाले ठोस कदमों की जानकारी नहीं है।"

18. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि अत्यधिक खेती लागत को कम करने हेतु उठाए जाने वाले ठोस कदमों का उल्लेख नहीं है।"

19. कि प्रस्ताव के अंत में निम्मलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि खेती में प्रयोग होने वाले नई प्रौद्योगिकी, कीटनाशकों, बीजों और अन्य संसाधनों को नियंत्रित मूल्य पर किसानों तक मुहैया कराने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

20. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि यूरिया व अन्य उर्वरकों की पहुंच किसानों तक आसानी और समय पर हो सके इसके लिए उठाए जाने वाले ठोस कदमों की जानकारी नहीं है।"

21. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि किसानों के आलू उत्पाद सहित सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था हेतु उल्लेख नहीं है।"

22. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि अलाभकारी होती कृषि के कारण गांवों से पलायन रोकने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

23. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश के गन्ना किसानों का दिनों दिन बढ़ते बकाया राशि के भुगतान और उस पर ब्याज देने की किसी नीति का उल्लेख नहीं है।"

24. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि किसानों को कृषि उपकरणों पर 100 फीसदी के बजाय पूर्व की भांति 50 फीसदी रकम जमा करने पर उपकरण देने की व्यवस्था का उल्लेख नहीं है।"

25. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि खेती योग्य भूमि का लगातार घटते रकबे की स्थिर बनाने या रकबा बढ् ाने का उल्लेख नहीं है।"

26. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि पेट्रोल व डीजल की कीमतों में आए दिन बढ़ोत्तरी से किसानों को सिंचाई हेतु डीजल के दर बढ़ोतरी के प्रभाव से मुक्त कर नियंत्रित दर पर डीजल उपलब्ध कराने हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

27. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में खेती भूमि की सिंचाई प्रणाली को और दुरूस्त हेतु उठाए जाने वाले कदमों का उल्लेख नहीं है।"

28. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थापित टोल प्लाजा की समाप्त करने की जानकारी नहीं है जिससे सड्कों पर जाम में सुधार आ सके।"

29. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को स्वदेश में बनाने की योजना का उल्लेख नहीं है, जिससे राफेल जैसा विवादित सौदा न हो सके।"

30. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि हर वर्ष ठंडी के मौसम में ठंडी लगने के कारण होने वाली गरीबों की मौतों की रोकथाम हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

31. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि कौशल विकास योजना के अंतर्गत देश के शहरों में फर्जी ट्रेनिंग संस्थान चला कर हो रहे घोटाले की सीबीआई जांच कराने का उल्लेख नहीं है।"

32. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में बढ़ती आर्थिक असमानता दूर करने, जिससे गरीबी दूर हो सके की नीति का उल्लेख नहीं है।"

33. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में गायों द्वारा किसानों की फसलों को नष्ट करने/बर्बाद करने की रोकथाम हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

34. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि दिल्ली सहित देश के महानगरों में बढ़ते प्रदूषण, वायु एवं जल को मानक के अनुरूप लाने की दिशा में उठाए जाने वाले ठोस कदमों की जानकारी नहीं है।"

35. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट पर पूरी तरह रोकथाम हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

36. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि सड़कों पर घूमने वाले लावारिस जानवरों जिनसे आए दिन अनेक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं की देखभाल हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

37. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि पढ़े-लिखे बेरोजगारों को जीवन-यापन हेतु रोजगार या बेरोजगारी भत्ता देने का उल्लेख नहीं है।"

38. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि कृषि क्षेत्र में घटते रोजगार के अवसरों को बढ़ाए जाने की जानकारी नहीं है।"

39. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में विभिन्न चयन आयोगों द्वारा भर्तियों में अत्यधिक विलंब को दूर करके भर्तियां समय से संपन्न कराए, इसके लिए उठाए जाने वाले कदमों का उल्लेख नहीं है।"

40. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि यूजीसी के नेट परीक्षार्थियों द्वारा सही उत्तर पर जांचकर्ताओं द्वारा गलत उत्तर बताकर अभ्यार्थियों को कम नंबर देकर फेल करने और अभ्यर्थियों द्वारा उसकी

जानकारी नियमानुसार प्राप्त करने के बाद भी, उसे सही उत्तर पर नंबर में सुधार न करने की पद्धति में सुधार लाने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

41. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि संविधान के अनुच्छेद 16 के तहत समान अधिकार, समान वेतन स्थायी कर्मचारियों के समान संविदा एवं कंट्रैक्ट कर्मचारियों को वेतन देने हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

42. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में सरकारी नौकरी पाने की आयु से ऊपर निकल चुके बेरोजगार पढ़े लिखे शिक्षित नागरिकों को रोजगार के अवसरों के संबंध में उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

43. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में वर्ष 2011 के जनगणना में बेघर लोगों को आधार नंबर उपलब्ध हो सके और उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सके, के संबंध में उठाए जाने वाले ठोस कदमों की जानकारी नहीं है।"

44. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि जनगणना 20 में जातीय जनसंख्या को सार्वजनिक करने का उल्लेख नहीं है।"

45. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में अल्पसंख्यक समुदाय को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत और अधिक सुविधाएं प्रदान करने हेतु उठाए जाने वाले ठोस कदमों की जानकारी नहीं है।"

46. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में गाय को पालने के लिए खरीद कर ले जाते समय तथाकथित गौ-रक्षकों द्वारा गौ-तस्कर के नाम पर हिंसा की घटनाओं की रोकथाम हेतु उठाए जाने वाले ठोस कदमों की जानकारी नहीं है।"

47. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि पूरे देश खासकर गांवों में चौबीसों घंटे बिजली की आपूर्ति हेतु कदमों की जानकारी नहीं है।"

48. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पूरे वर्ष काम मिले, इस दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी नहीं है।"

49. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि मनरेगा 100 दिन के बजाय 365 दिन मजदूरों को कार्य मिले जिससे शहरों की ओर गांवों से पलायन रुक सके का उल्लेख नहीं है।"

50. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि मनरेगा की राशि केन्द्र द्वारा समय से और पर्याप्त निधि जारी करने और तदुपरांत मनरेगा मजदूरों को समय से मजदूरी राशि जारी हो सके, का उल्लेख नहीं है।"

51. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि मनरेगा में निर्धारित दर सीमेंट, ईंट व मजदूरी का बाजार दर से कम होने के कारण मनरेगा के कार्य की प्रगति में आ रही बाधाओं को दूर करने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों का उल्लेख नहीं है।"

52. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश के समस्त नागरिकों को केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की तरह सरकारी दरों के समान आम नागरिकों के इलाज हेतु अस्पतालों एवं जांच केन्द्र को चार्ज लेने की बाध्यता, जिससे आम नागरिक भी कम दर पर अपना इलाज करा सके, के संबंध में जानकारी नहीं है।"

53. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि सरकारी गोदामों में खाद्यान्नों की रखरखाव को और सुदृढ़ करने तथा नये गोदामों के निर्माण हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

54. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को बढ़ा कर निजी स्कूलों के समान लाने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

55. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि विद्यालयों से बच्चों का बीच में स्कूल छोड़ने की रोकथाम हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

56. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश की आंतरिक सुरक्षा को अभेद बनाने हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

57. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि छोटे शहरों, कस्बों तक औद्योगिक प्रगति और औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाने हेतु उल्लेख नहीं है।"

58. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के तहत लाने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

59. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि बैंकों में अपनी जमा राशि पर बचत बैंक खातों से विभिन्न मदों में बैंकों द्वारा कमी कम बैलेंस तो कभी अन्य मद में राशि चार्ज करने की नीति भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा साफ और बैंकों के लिए बाध्यकारी बनने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

60. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में चल रहे पोंजी योजनाओं जिनसे नागरिकों को गुमराह कर उनकी मेहनत की धनराशि हड़प करने वाली पोंजी योजनाओं की रोकथाम और कानून के दायरे में लाने हेतु कदमों की जानकारी नहीं है।"

61. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए; अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि अत्यधिक विलंब से संचालित ट्रेनों को समय पर चलाए जाने का उल्लेख नहीं है।"

62. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि ट्रेनों में बढ़ते लूट-पाट एवं अपराधों पर लगाम लगा कर सुरक्षित यात्रियों के यात्रा हेतु उठाए जाने वाले ठोस कदमों का उल्लेख नहीं है।"

63. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि बैंकों के लगातार बढ़ रहे एनपीए को कम करने हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

64. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि किसानों को कृषि कार्य हेतु बैंकों द्वारा कर्ज को बढ़ावा देने हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

65. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश के शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रिक्त पड़े विभिन्न शिक्षकों के पदों को स्थायी रूप में भरने हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

66. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में बड़े पैमाने पर रिक्त पदों पर नियुक्तियों को समय पर भरने में विलंब को दूर करने हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

67. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि 12वीं पंचवर्षीय योजनाओं में प्राप्त लक्ष्यों की जानकारी तथा अगले पंचवर्षीय योजना की घोषणा न करने से विकास हेतु विभिन्न मदों में धनराशि की उपलब्धता और कार्यनीति हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

68. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में वर्ष 2011 में सम्पन्न हुए जनगणना में प्राप्त आंकड़ों के आधार पर गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन का मापदण्ड महंगाई दर का समावेश कर पुन: निर्धारित कर योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाने हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

69. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में वर्ष 2011 के जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अन्य पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आरक्षण नीति जनसंख्या के अनुरूप आरक्षण व्यवस्था को बढ़ाए-घटाए जाने का उल्लेख नहीं है।"

70. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश से पूरी तरह नक्सलवाद समाप्त करने की दिशा में उठाए जाने वाले ठोस कदमों की जानकारी नहीं है।"

71. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश की सीमाओं को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों, जिससे लगातार बढ़ रहे घुसपैठ पर पूर्णत: रोक लग सके का उल्लेख नहीं है।"

72. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि भारतीय समुद्र क्षेत्र में मछली पकड़ते या भूलवश जल सीमा के पार गए भारतीय मछुआरों को पड़ौसी देशों श्रीलंका और पाकिस्तान द्वारा पकड़ने की घटनाओं के शीघ्र समाधान हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

73. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश के न्याय व्यवस्था में बड़े पैमाने पर रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है जिससे मुकदमों को शीघ्र निपटाकर समय पर नागरिकों को न्याय मिल सके।"

74. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि नये जाली नोटों की रोकथाम हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

75. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि नोटबंदी से कालेधन की प्राप्ति की संतोषजनक जवाब न देने से उत्पन्न भ्रम की स्थिति को दूर करने हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

76. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि दिल्ली क्षेत्र में लगातार यमुना नदी के सिकुड़ते आकार और यमुना नदी के पानी में बढ़ते जहरीले तत्व से निपटने हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

77. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है चीन द्वारा हड़पी गई भारतीय क्षेत्र को पुन: भारतीय परिधि में लाए जाने हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

78. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश के सभी बच्चों को समान शिक्षा मिले, इस दिशा में उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

79. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि कुशल कामगारों, वैज्ञानिकों और डॉक्टरों के देश से पलायन रोकने हेतु जानकारी नहीं है।"

80. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में लगातार बढ़ रहे अमीरों एवं गरीबों की खाई कम करने की दिशा में किसी कार्य योजना की जानकारी नहीं है।"

81. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि पूरी तरह मानव तस्करी रोकने की दिशा में किसी कार्य योजना को जानकारी नहीं है।"

82. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि मशीनों का सीमित उपयोग जिससे बेरोजगारी कम हो की दिशा में किसी कार्य योजना की जानकारी नहीं है।"

83. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने हेतु उठाए जाने वाले सार्थक कदमों की जानकारी नहीं है।"

84. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि ई-वेस्ट के उचित निपटारे हेतु किसी कार्य योजना की जानकारी नहीं है।"

85. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि विलुप्त हो रहे वन्य संपदा के संरक्षण हेतु किसी कार्य योजना की जानकारी नहीं है।"

86. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि भ्रष्ट अफसरों को दण्डित करने हेतु उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी नहीं है।"

87. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की धनराशि बढ़ाकर 10 लाख करने जैसे प्रस्ताव का उल्लेख नहीं है।"

88. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में यह उल्लेख नहीं है कि देश के सभी तालाबों, जलाशयों में मौजूद सिल्ट सफाई कराकर इस क्षेत्र में पानी की आवश्यकता को वर्षा जल द्वारा तालाबों एवं जलाशयों में अधिक जल एकत्रित करने की किसी कार्य योजना की जानकारी नहीं है।"

89. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में यह उल्लेख नहीं है कि देश के किसानों के उत्पाद खासकर दुग्ध उत्पादों को जीएसटी से बाहर रखा जाए।"

90. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश के दिल्ली सहित महानगरों एवं राज्यों की राजधानियों में अत्यधिक बढ़ते वाहनों से ट्रैफिक व्यवस्था धराशाही न हो इसके लिए वाहनों के पंजीकरण पर कार्यनीति का उल्लेख नहीं है।"

91. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि माननीय कोर्ट की दखल के बाद 10 एवं 15 वर्ष के पुराने वाहनों जिनका पंजीकरण रद्द कर दिया गया है, के निपटारे हेतु सरकार की योजना का उल्लेख नहीं है।"

92. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि बैंक खाता धारकों के खातों से साइबर अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी के जरिए राशि हड़पने की रोकथाम के लिए कोई उल्लेख नहीं है।"

93. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में इंटरनेट के माध्यम से अश्लील साइटों की पहुंच पर रोक लगाने की दिशा में कोई उल्लेख नहीं है।"

94. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि आम आदमी को मात्र 12 हजार रुपए शौचालय निर्माण राशि को बढ़ाकर प्रयागराज में बनाए गए अर्धकुंभ की तर्ज पर 35 हजार रुपए प्रति शौचालय जारी करने का उल्लेख नहीं है।"

95. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत में लगातार गिरावट को रोकने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है।"

96. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश की बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण हेतु किसी कार्ययोजना का उल्लेख नहीं है।"

97. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि अलाभकारी कृषि को देखते हुए सभी किसानों और वृद्धों को कम से कम 5000 रुपए पेंशन देने का उल्लेख नहीं है।"

98. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि मण्डल आयोग की सिफारिशों के प्रावधानों के अनुरूप हर 10 वर्ष बाद आरक्षण नीति के अध्ययन/मूल्यांकन के बाद उसके अनुरूप आरक्षण नीति में संशोधन कर वंचितों को आरक्षण का लाभ देने हेतु किसी कार्ययोजना का उल्लेख नहीं है।"

99. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि चुनावों में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम मशीनों पर उठने वाली आशंकाओं को दूर करने की दिशा में उठाए जाने वाले ठोस कदमों का उल्लेख नहीं है।"

100. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि चुनावों में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम मशीनें, वोटिंग के समय खराब न हो सके ऐसी मशीनों के इस्तेमाल हेतु उठाए जाने वाले ठोस कदमों का उल्लेख नहीं है।"

101. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि भारत संचार निगम लिमिटेड के मोबाइल सिंग्नल कॉल ड्राप पर विराम लगाने का उल्लेख नहीं है।"

102. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में घोषित नए खोले जाने वाले केन्द्रीय विद्यालयों के विलंब को दूर करने के संबंध में उल्लेख नहीं है।"

103. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि केन्द्र और राज्य सरकारों के सभी विभागों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग का आरक्षण पूरा करने की योजना का कोई उल्लेख नहीं है।"

104. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि काला धन लाने का किया गया वादा तथा 15 लाख हर हिन्दुस्तानी के खाते में देने का उल्लेख नहीं है।"

105. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि देश के किसानों को सूखे से बचाने के लिए उचित वर्षा जल प्रबंधन तथा अनुकूल समय की भविष्यवाणी करने के लिए फसल निगरानी की उपयोगी सूचना प्रदान करने का उल्लेख नहीं है।"

106. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि पुरानी पेंशन योजना को पुन: बहाल करने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है।"

107. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि चयनित सांसद आदर्श ग्राम योजना हेतु भारत सरकार द्वारा विकास हेतु अलग मद में धन न आवंटित करने का उल्लेख नहीं है।"

108. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि देश के सभी बेरोजगारों को रोजगार देने की गारंटी के बारे में उल्लेख नहीं है।"

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Amendments (Nos. 109 to 111) are by Shri Vishambhar Prasad Nishad, Ch. Sukhram Singh Yadav. Shri Vishambhar Prasad Nishad, are you moving?

श्री विशम्भर प्रसाद निषाद (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:-

109. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश में केन नदी और बेतवा नदी को जोड़ने की परियोजना की रूपरेखा का उल्लेख नहीं है।"

110. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि उत्तर प्रदेश की 17 अन्य पिछड़ी जातियों कहार, कश्यप, केवट, मल्लाह, निषाद, कुम्हार, प्रजाति, धीवर, बिन्द, धीमर, बाथम, तुरहा, गाड़िया, मांझी, मछुवा, भर और

राजभर को अनुसूचित जाति की सूची में पहले से विद्यमान मझवार, गोंड, बेलदार, तुरैहा, तरमाली, शिल्पकार में परिभाषित करने का उल्लेख नहीं है।"

111. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर मण्डल के टेनरियों से निकलने वाले दूषित पानी को सिंचाई योग्य गुणवत्तायुक्त बनाने वाली संस्थानों पर मानकों के उल्लंघन को रोकने की दिशा में उठाए जाने वाले ठोस कदमों का उल्लेख नहीं है।"

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Amendment (No. 112) by Shrimati Chhaya Verma, Ch. Sukhram Singh Yadav. Shrimati Chhaya Verma- not present. चौधरी सुखराम सिंह यादव, क्या आप मूव कर रहे हैं?

चौधरी सुखराम सिंह यादव (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:-

112. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि भारत के सभी बच्चों को समान शिक्षा लागू करने का कोई उल्लेख नहीं है।"

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Amendments (Nos. 113 to 137) by Shri Vishambhar Prasad Nishad. Are you moving?

श्री विशम्भर प्रसाद निषाद (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:-

113. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि केन्द्र सरकार द्वारा वाराणसी सहित देश की विभिन्न नदियों में क्रूज चलाए जाने से पारंपरिक नौकावहन करने वाले स्थानीय नाविकों की रोजी रोटी पर आए संकट को दूर करने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों का उल्लेख नहीं है।"

114. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि देश के सभी राज्यों में मत्स्य पालन को कृषि का दर्जा देकर कृषि की भांति लगान निर्धारित कर मत्स्य पालन के लिए अनुदान देने का उल्लेख नहीं है।"

115. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि बुंदेलखण्ड के चित्रकूट, बांदा तथा सतना क्षेत्र में केन्द्रीय पुलिस बल ट्रेनिंग सेंटर खोलने का उल्लेख नहीं है।"

116. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि बुंदेलखण्ड के सभी गरीबों एवं मजदूरों को सर्वे कराकर गरीबी के आधार पर बीपीएल कार्ड एवं निःशुल्क आवास की सुविधा मुहैया कराए जाने का उल्लेख नही है।"

117. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि ट्रेन 18203/18204 बेतवा एक्सप्रेस को कानपुर से दुर्ग के बीच प्रतिदिन चलाए जाने तथा ट्रेन 12535/12536 गरीब रथ को प्रतिदिन चलाए जाने तथा ठहराव रागौल स्टेशन पर कराने का तथा ट्रेन 12427/12428 रीवांचल एक्सप्रेस दिल्ली से कानपुर से बांदा होते हुए रीवा तक चलाए जाने का उल्लेख नहीं है।"

118. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि ट्रेन 11069/11070 तुलसी एक्सप्रेस प्रतिदिन करने तथा ट्रेन 14009/14010 चित्रकूट कानपुर एक्सप्रेस को कानपुर से बढ़ाकर लखनऊ तक चलाए जाने का उल्लेख नहीं है।"

119. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि बुंदेलखण्ड में पलायन को रोकनें हेतु लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना का उल्लेख नहीं है।"

120. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि चित्रकूट धाम व श्रंगवेरपुर धाम इलाहाबाद व महोबा चरखारी, कालींजर को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक मानचित्र में जोड़ने का कार्य किया जाने का उल्लेख नहीं है।"

121. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि उत्तर प्रदेश के पर्यटक चित्रकूट धाम के हवाई अड्डे से हवाई जहाज चलाए जाने का उल्लेख नहीं है।"

122. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि देश की नदियों की नीलामी समाप्त कराकर मछुआरे समाज को फ्री फिशिंग की सुविधा देने का उल्लेख नहीं है।"

123. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि द्रोणाचार्य पुरस्कार की तर्ज पर एकलव्य पुरस्कार दिए जाने की घोषणा का उल्लेख नहीं है।"

124. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि सेना के तीनों अंगों में बाढ़ जैसी दैवीय आपदा से निपटने हेतु जन्मजात मछुआ समुदाय के नौजवानों को भर्ती में 50 फीसदी आरक्षण प्रदान करने का उल्लेख नहीं है।"

125. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि बुंदेलखण्ड में सूखा पीड़ित किसानों से ऋण वसूली समाप्त कर कर्ज माफ करने तथा कृषि, खाद, बीज व बिजली मुफ्त दिए जाने का उल्लेख नहीं है।"

126. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि बुंदेलखण्ड के सर्वांगीण विकास हेतु एक लाख करोड़ की अतिरिक्त सहायता देने का उल्लेख नहीं है।"

127. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि उत्तर प्रदेश के आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायक आंगनवाड़ी कार्यकत्री के मानदेय को बढ़ाकर 10 हजार से अधिक देने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है।"

128. कि प्रस्ताद के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में मोहल्ला बिसुंदरपुर की जमीन को गंगा नदी की कटान से बचाने के लिए किसी नीति का उल्लेख नहीं है।"

129. कि प्रस्ताव के अंद में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि पूरे देश के मछुआरा समाज में आश्रय विहीन लोगों के लिए दस लाख रुपये देकर मछुआ आवास निर्मित कराने के किसी योजना का उल्लेख नहीं है।"

130. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि बुन्देलखण्ड में कई वर्षों से पड़ रहे सूखे के समाधान हेतु किसी कार्य योजना की जानकारी नहीं है और इस क्षेत्र को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित कर किसानों की आर्थिक मदद का उल्लेख नहीं है।"

131. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि बुंदेलखंड के सर्वांगीण विकास हेतु अतिरिक्त सहायता हेतु किसी कार्य-योजना की जानकारी नहीं है।"

132. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि बुंदेलखंड के नागरिकों को प्रति वर्ष सूखे के कारण आने वाली दिक्कतों के समाधान हेतु अतिरिक्त राशन, आवास, पीने योग्य पानी एवं खेती के लिए किसी कार्य योजना की जानकारी नहीं है।"

133. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि बुंदेलखंड के निवासियों के पलायन को रोकने के लिए लघु एवं कुटीर उद्योगों को स्थापना की जानकारी नहीं है।"

134. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि देश में कराई जाने वाली 2021 के जनगणना में जातीय वार जनगणना कराए जाने का उल्लेख नहीं है।"

135. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि एअर इंडिया के घाटे को सरकार द्वारा पूरा करा कर उसे बेचने से बचाने का उल्लेख नहीं है।"

136 कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि निजी क्षेत्रों में ग्रुप सी और डी की नौकरियों में ठेकेदारी की बजाय सरकारी पीएसयू के माध्यम से कर्मियों की तैनाती का उल्लेख नहीं है।"

137. कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किंतु खेद है कि ओबीसी से क्रीमीलेयर हटाए जाने का उल्लेख नहीं है।"

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Amendments (Nos. 138 to 143) by Shrimati Chhaya Verma—not present.

Amendments (Nos. 144 to 147) by Shri Digvijaya Singh. Mr. Digvijaya Singh, are you moving your Amendments?

SHRI DIGVIJAYA SINGH (Madhya Pradesh): Sir, I move:

144. That at the *end* of the Motion, the following be *added,* namely:—

"but regret that the Address does not mention that the Citizenship (Amendment) Act, 2019 has led to wide spread resentment among the People and therefore should be repealed".

آخر میں، میں ایک منٹ اور لونگا۔ پورا دیش دو مہینے سے سڑکوں پر ہے، سی اے اے کو لیکر، این آر سی کو لیکر، این پی آر کو لیکر۔ میں نے کبھی نہیں دیکھا ہے کہ اتنے بڑے پیمانے پر پورے دیش میں نوّے نوّے سال، اسی اسی سال کے بوڑھے، عورتیں، مرد، تین سال، دوسال، ایک سال اور تین مہینے کا بچہ اپنی ماں کی گود میں ٹھنڈ میں باہر چوبیس گھنٹے بیٹھے ہوں۔ لیکن یہ سرکار ایسی سرکار ہے کہ سرکار کے کسی ایک منتری نے یہ اسٹیٹمنٹ نہیں دیا کہ آپ کی پرابلم کیا ہے، ہم آپ کے پاس جائیں، ہم آپ کو سمجھائیں یا آپ ہمیں سمجھائیں۔ سرکار war path پر ہے۔ آپ کے بیان کیسے ہیں، منتریوں کے بیان کیسے ہیں، میرے دوست، اچھے ساتھی یادو جی نے گاندھی جی کو بہت استعمال کیا، آپ کو گاندھی جی کو استعمال کرنا ہے، جہاں وپکش کو ڈرانا ہو، لیکن آپ نے گاندھی جی کی حالت کیا کی؟ آپ کے ایم پی نے گاندھی جی کی

† کیا حالت کی؟ مجھے شرم آنی چاہیئے کہ وہ ایم پی ہمارے colleague ہی ہیں۔ کیا اس سدن میں وہ دن بھی آگیا، چاہے یہ سدن ہو یا وہ سدن ہو، کہ بھوپال کی ایم پی جس نے گاندھی جی کا قتل کیا، وہ قاتل کو ہیرو مانتی ہیں اور گاندھی جی کو زیرو مانتی ہیں۔ وہ یہاں آپ کی منسٹر ہیں اور ابھی بھی ایم پی ہیں۔ انہوں نے گاندھی جی کے بارے میں کیا کیا کہا، میں گاندھی جی کے لیے وہ گندے شبد اپنی زبان پر لا نہیں سکتا اور آپ گاندھی جی کے ہتیشی ہیں۔ آپ گاندھی جی کو چوبیس گھنٹے استعمال کرنے کے لیے مانتے ہیں۔ آپ میں ہمت نہیں ہے کہ آپ ان دو ایم پیز کو suspend کریں، ڈِس مِس کریں، پارٹی سے نکال دیں۔ آپ میں ہمت نہیں ہے۔ جو منتری گالیاں دیتے ہیں، ان کو suspend کرنے کے لیے نوٹس دینے کی ہمت بھی آپ کو نہیں ہے۔ کبھی تو کچھ دکھایئے۔ جب آپ یہ نہیں کرتے ہیں، تب آپ پر شک ہوتا ہے کہ یہ سب کچھ آپ کی وجہ سے ہوتا ہے، آپ سب ہی اس کے پیچھے ہوتے ہیں۔

میں مانیئے راشٹرپتی جی کا دھنیواد کرتا ہوں۔ ان کی مجبوری ہے، سرکار جو بنا کر دے، اسے ہر راشٹرپتی کو پڑھنا پڑتا ہے۔ آپ کی سرکار نے بناکر دیا، لیکن ان تمام چیزوں کی طرف دھیان نہیں دیا، جو آپ نے وعدے کیے تھے۔ آپ نے ان میں سے کوئی وعدہ پورا نہیں کیا۔ آپ جو بھی چیز لائیں گے، متنازع چیز لائیں گے، تاکہ لوگوں کا دھیان ان تمام مدعوں سے ہٹ جائے، جن پر آپ نے وعدے کیئے تھے۔

انہیں شبدوں کے ساتھ میں راشٹرپتی جی کے بھاشن کا دھنیواد کرتا ہوں۔

(ختم شد)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGRAJAN): Thank you Ghulam Nabiji. Next speaker is Shri Sukhendu Sekhar Ray.

श्री सुखेन्दु शेखर राय (पश्चिमी बंगाल): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं पहले चेयर को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि हमारी पार्टी की तरफ से जो संशोधन लाए गए, उनमें से कुछ संशोधनों को स्वीकार

†Transliteration in Urdu script.

किया गया है। हालाँकि हमारी पार्टी, ऑल इंडिया तृणमूल काँग्रेस 1998 में foundation के बाद आज तक कभी भी महामहिम राष्ट्रपति जी के भाषण के ऊपर कोई amendment नहीं लाई, लेकिन इस बार हम क्यों लाए, क्योंकि हम लाचार हैं। इस भाषण में बहुत सारी चीजें कही गईं और बहुत सारी चीजें नहीं भी कही गईं। मैं मित्र भूपेन्द्र यादव जी का भाषण सुन रहा था। उन्होंने संविधान का पाठ किया, ध्यान से सुना, बहुत अच्छा बोला। हमारे दूसरे साथी, सुधांशु जी ने राजा शिबि से शुरू करके उपनिषद्, पुराण, वगैरह-वगैरह बहुत सारी धर्म कथाओं को सुनाया। लेकिन अगर हम राष्ट्रपति जी के भाषण पर नजर डालते हैं, तो पहले ही उन्होंने हमारी आर्थिक स्थिति के बारे में चर्चा की। हालांकि हम जानते हैं कि राष्ट्रपति जी जो कुछ भी कहते हैं, वह सरकार का रिपोर्ट कार्ड है। राष्ट्रपति जी वह रिपोर्ट खुद नहीं बनाते हैं। राष्ट्रपति जी ने हमारी आर्थिक स्थिति के बारे में बहुत सारे आंकड़े दिए। हमारे नेता विरोधी दल, श्री गुलाम नबी आज़ाद ने भी कुछ बातें कहीं, मैं उन बातों को दोहराना नहीं चाहता हूं। लेकिन हमें अफसोस है कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में इस बात का उल्लेख नहीं है कि हिन्दुस्तान में, Reserve Bank of India के इतिहास में पहली बार उन्हें अपने ही फोरकास्ट को तीन दफ़ा चेंज करना पड़ा। आरबीआई ने पिछले साल फरवरी महीने में domestic growth rate का जो फोरकास्ट किया था, वह था 7.4%, फिर दो महीने के अंदर, अप्रैल महीने में उन्होंने उसको घटाकर 7.2% किया और फिर नवम्बर महीने में घटाकर 6.4% किया और फिर दिसम्बर महीने में उसको 5.0% कर दिया। रिज़र्व बैंक के इतिहास में ऐसी घटना कभी नहीं घटी। International Monetary Fund has slashed India's 2019 growth rate forecast to 4.8 per cent from 6.1 per cent it projected in October last. Both the United Nations and the World Bank have cut India's Financial Year 2020 growth forecast to 5.7 and 5.0 per cent respectively. तो हमारी आर्थिक स्थिति की यह असलियत है, जिसका राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कोई उल्लेख नहीं है और बजट में भी इसको छुपाया गया है।

Sir, this five per cent growth rate projection is the lowest in the past one year. Inflation rate is the highest in the last three year. Industrial growth rate is the lowest in the past 14 years. Demand for electricity consumption is the lowest in the last 12 years. Private investment is the lowest in the last 16 years and the unemployment index is alarmingly high in the last 45 years. और इसके बारे में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में एक शब्द भी नहीं है।

सर, अभी 15 दिन पहले Davos में Oxfam Report निकली थी, उसमें क्या बताया गया था? हालांकि सरकार तो मानेगी नहीं, लेकिन यह Internationally acclaimed organisation है। उसमें बताया गया है, "India's richest one per cent hold more than four times the wealth held by 953 million people of India, who make up for the bottom 70 per cent of the country's population while the total wealth of all Indian billionaires is more than full

year Budget of our country." पिछले financial year में हमारे बजट में जितना allocation था, उससे भी ज्यादा पैसा इन billionaires के पास है। ये कितने billionaires हैं, मैं आपको उसके फिगर्स भी देना चाहता हूं। हमारे पिछले financial year में budget allocation 24,42,200 लाख करोड़ रुपये था। इससे भी ज्यादा धन सिर्फ 63 Indian billionaires के पास है। यह हमारे भारत की आर्थिक स्थिति का चेहरा है कि हमारे बजट से भी ज्यादा पैसा सिर्फ 63 आदमियों के पास है। अब यह सवाल पैदा होता है कि क्या इन billionaires का हिन्दुस्तान में रहना जरूरी है? अगर रिफॉर्म्स का यह चेहरा है, तो मेरे ख्याल से रिफॉर्म्स को भी रिफॉर्म करने की जरूरत है? हमें यह करना ही पड़ेगा। सर, पिछले एक साल से यहां से कमाई करके 5,000 billionaires इंडिया से भागकर बाहर चले गए और वहां कारोबार कर रहे हैं। वे यहां कारोबार नहीं करना चाहते हैं।

As per the Report, it would take a female domestic workers, हम महिला सशक्तिकरण के बारे में बहुत सारी नारेबाज़ी करते हैं और कहानियां सुनाते रहते हैं। किसी technology company के CEO की एक साल की जो तनख्वाह है, अगर उतनी तनख्वाह कोई female domestic worker कमाना चाहती है, तो उस female domestic worker को कितना समय लगेगा? उसको उतना पैसा कमाने में 22,277 साल लगेंगे। क्या चित्र है! It further said that women and girls put in 3.26 billion hours of unpaid care work each and every day. आपकी जो महिलाएँ और छोटे-छोटे बच्चे 3.26 billion hours काम करते हैं, ये unpaid हैं। इनको कोई पैसा नहीं मिलता है। अगर आप उसका हिसाब करते हैं कि उस समय में कितनी कमाई होनी चाहिए थी, तो वह है- 93,000 करोड़। तो जिससे देश को 93,000 करोड़ आमदनी होती है, उस domestic worker को एक पैसा भी नहीं मिलता है। इस बारे में भी राष्ट्रपति जी ने कुछ नहीं बोला, क्योंकि जब सरकार बोलेगी, तभी तो राष्ट्रपति जी बोलेंगे। Statistics जो कभी-कभी देते हैं, आजकल तो ज्यादा देते ही नहीं हैं, NSSO की जुबान बन्द कर दी गयी है। उसमें भी jugglery है, बहुत सारी juggleries हैं। ऐसा चित्र दिखाते हैं कि इतना उजला भारत, 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', ऐसे कितने नारे हैं, भगवान जाने, जो ये लोग दिखाते हैं, बोलते हैं। अभी असलियत क्या है? हमने देखा कि जब नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी राष्ट्रीय कॉंग्रेस के अध्यक्ष थे, तो उन्होंने प्लानिंग कमीशन बनाया था और पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को चेयरमैन बनाया गया था। यह उनकी दूरदृष्टि थी कि हम जब स्वाधीन होंगे, आज़ाद होंगे, तब प्लानिंग कमीशन हमारे देश की प्लानिंग करेगा, हमारा ठीक से आर्थिक सुधार करेगा। प्लानिंग कमीशन का विलय कर दिया गया और नीति आयोग लाया गया। नीति आयोग में जो लोग बैठे हैं, वे फर्जी चित्र बनाते हैं, Development and Planning का फर्जी चित्र बनाते हैं। इसकी कोई जरूरत नहीं है। इसका भी विलय कर देना चाहिए। This white elephant must go.

सर, जब पिछली सरकार थी, तब बहुत से इलज़ाम लगाये गये कि आकाश बेच रहे हो, पाताल बेच रहे हो, लेकिन अब तुम क्या कर रहे हो? आपने बोला था कि हम देश को बेचने

नहीं देंगे, लेकिन आप यह क्या कर रहे हैं? आप सब कुछ बेच रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... इनको हम थोड़ा-बहुत दिखाते हैं। आप क्या-क्या बेच रहे हैं, मैं थोड़ा-बहुत आपको दिखाना चाहता हूँ। पहले तो LIC की चर्चा करनी चाहिए। पहले LIC की चर्चा होनी चाहिए थी, क्योंकि LIC आपका एक ऐसा प्रतिष्ठान है, जिसकी unrealised loan amount up to September 2019, ₹ 30,000 crore है। LIC का 30,000 करोड़ कुछ कम्पनीज़ ने खा लिया। ये कम्पनीज़ कौन सी हैं- Deccan Chronicle, Essar Port, Gammon, IL&FS, Bhushan Power, Videocon Industries, Alok Industries, Amtrak Auto, ABG Shipyard, Unitech, GVK Power ad GTL. इन सब कम्पनीज़ ने LIC के 30,000 करोड़ रुपये खा लिये। यह जो 30,000 करोड़ चला गया, उसमें से 25000 करोड़ Insurance business fund से disburse किया गया था और insurance कराने वाले लोग जो premium देते हैं, उसके भाग से 2,500 करोड़ उस फंड से चला गया, 5,000 करोड़ पेंशन फंड से गया और 500 करोड़ ULIP fund से गया। यह किसका पैसा है? देश की जनता का पैसा है। उन कम्पनीज़ के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी, आज तक सरकार ने न तो इस सदन को और न ही उस सदन को कुछ बताया, देश की जनता को कुछ नहीं बताया। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में भी इसका कोई उल्लेख नहीं है। हमें अफसोस है। हम अपना खेद जताते हैं।

LIC had to experience this unprecedented situation. The LIC had to purchase shares of loss-making bank, the IDBI, amounting to ₹21,024 crore under the instructions of the Finance Ministry. आईडीबीआई जो कि लॉस मेकिंग बैंक है, उसके 21,024 करोड़ रुपये के शेयर्स आपको खरीदने पड़े, आपको मजबूर किया गया और एक-एक शेयर किलने पैसे में खरीदना पड़ा, एक-एक शेयर 60-61 रुपये में खरीदा। चंद महीनों में उस शेयर का भाव गिरकर 27 रुपये पर आ गया, जबकि उसकी खरीद 60-61 रुपये में की गई थी और दो-तीन महीने में वह शेयर डाउन होकर 27 रुपये पर आ गया। एलआईसी को बर्बाद करने का यह तरीका शुरू हो गया है।

अब मैं इस पर आता हू कि लोग कैसे आगे बढ़ते हैं। The Government must inform this House as to why LIC was compelled to provide such huge amount of money to a perennial loss-making bank. The Government must reply. Now, the Government has decided to sell shares of both LIC and IDBI. अब एलआईसी और आईडीबीआई के शेयर्स बेचेंगे। इसे हम विक्रेता सरकार कहते हैं। जैसे बोलते हैं - खेलो सरकार, अब कहते हैं - बेचो सरकार। जैसे खेलो इंडिया, अब उसकी जगह बेचो इंडिया हो गया। This विक्रेता सरकार has set a disinvestment target. उसी में वह बोल रहे हैं कि हमारा डिसइन्वेस्टमेन्ट टारगेट कितना है, यह 2.8 लाख करोड़ है और इस 2.8 लाख करोड़ डिसइन्वेस्टमेन्ट का जो टारगेट है, यह 90 हजार करोड़ रुपये आएगा। एलआईसी और आईडीबीआई का शेयर बेचने के बाद हमारे पास 90 हजार करोड़ रुपये आएंगे। इसलिए एलआईसी का शेयर बाजार में छोड़ दिया गया। अब जितने हर्षद मेहता जैसे लोग हैं, वे इसका पूरा फायदा उठाएंगे। मैं एलआईसी के बारे में क्यों

बोल रहा हूं? ये हमारे देश के करोड़ों लोगों का जीवन बीमा करते हैं, जबकि जीवन बीमा कॉरपोरेशन का खुद का बीमा नहीं है, इनका खुद इंश्योरेंस नहीं है। यह कल रहेगा या नहीं रहेगा, ये कुछ बता नहीं सकते हैं। जिसका खुद का अपना इंश्योरेंस नहीं है, हमारे इंश्योरेंस को बर्बाद करने के लिए सरकार ने यह नीति अपनाई है।

सर, 1956 में एलआईसी किसने बनाया था, इसे पंडित नेहरू ने बनाया था। आजकल नेहरू जी की बहुत आलोचना हो रही है। एलआईसी में उस समय सरकार ने पांच करोड़ रुपये कैपिटल दी थी। 1956 में पांच करोड़ रुपये की कैपिटल से इसे शुरू किया था और आज के हालात कैसे हैं? During the current fiscal, an amount of ₹2,610 crore has been paid by LIC to the Government as dividend. यह इतना मजबूत संगठन, संस्था है। Sir, on a single day, that is, on 30th January, 2020, LIC has mopped around ₹1,816 crore as new business premium. And it is ironical that without inviting suggestions from the policyholders and the employees' organisation, the Government has decided to kill this golden goose. सोने की चिड़िया अंडा दे रही थी, उसको सरकार मार रही है। किसके लिए, जबाव दे? महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में गांधी जी के बारे में कुछ रेफरेन्स लाए गए, बहुत सारे अच्छे रेफरेन्स लाए गए। पैराग्राफ 35 में बोला गया, "In the environment prevailing in the aftermath of partition, the Father of the Nation, Mahatma Gandhi, had said that Hindus and Sikhs of Pakistan, who do not wish to live there, can come to India."

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGARAJAN): Please wait. Who is the Cabinet Minister here?

THE MINISTER OF MINORITY AFFAIRS (SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI): Sir, two are sitting here.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGARAJAN): Okay.

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: Sir, possibly, you do not know them. Anyway, Sir, I am addressing you. It is mentioned in the President's Address, "Mahatma Gandhi had said that Hindus and Sikhs of Pakistan, who do not wish to live there, can come to India. It is the duty of the Government of India to ensure a normal life for them. Many national leaders and political parties have from time to time supported this idea of Pujya Bapu." सुनने में बहुत अच्छा लगा पूज्य बापू, कितने पूज्य हैं, यह सत्ताधारी दल के सांसद बोल रहे हैं कि गांधी जी ने आजादी के समय जो लड़ाई लड़ी थी, वह नाटक था। ...**(व्यवधान)**... और राष्ट्रपति जी पूज्य बापू जी बोल रहे हैं, हम किसकी बात समझें?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGARAJAN): Which para are you speaking from?

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: Sir, it is paragraph 35. This quote of Gandhiji has also been distorted. इसमें कोई reference नहीं दिया गया है कि गाँधी जी ने यह कब कहा, कहाँ कहा, किस दिन कहा, इसके संबंध में कुछ reference नहीं है, लेकिन मेरे पास है। मेरे पास 'Collected Works of Mahatma Gandhi' है, उससे पता चलता है कि 25 जुलाई, 1947 में प्रेयर मीटिंग में महात्मा गाँधी बोल रहे हैं, "There are Muslims, Parsis, Christians and other religious groups here. The assumption of the Hindus that India now has become the land of the Hindus is erroneous. India belongs to all who live here." हमारे संविधान का जो आर्टिकल 1 है, Article 1 also says that India, that is Bharat, shall be a Union of States. इसको भारत बोला गया, संविधान में कहीं भी हिन्दुस्तान की बात नहीं है। कोई भी संविधान खोल कर हिन्दुस्तानी या हिन्दू राष्ट्र दिखा दे। उसके बाद फिर 26 सितम्बर, 1947 को महात्मा गाँधी जी प्रेयर मीटिंग में बोल रहे हैं, जिसको यहाँ पैराग्राफ 35 में कुछ उल्टे ढंग से क्वोट किया गया और मेरे विचार से इसको हटाना चाहिए, क्योंकि यह misquote है। इसको हटाना चाहिए। 26 सितम्बर, 1947 में महात्मा गाँधी जी प्रेयर मीटिंग में जो बोल रहे हैं, उसको मैं यहाँ क्वोट कर रहा हूँ। "If we regard all the Muslims as fifth-columnists, will not the Hindus and the Sikhs in Pakistan be also considered fifth-columnists? That would not do. The Hindus and the Sikhs staying there can come here by all means if they do not wish to continue staying there. In that case, it is the first duty of the Indian Government to give them jobs and make their lives comfortable." अब कुछ दिन पहले मंत्री लोग भी बोले कि हिन्दुस्तान क्या धर्मशाला है? नहीं, धर्मशाला तो नहीं है, लेकिन गौशाला भी नहीं है। हिन्दुस्तान गौशाला भी नहीं है और अभी अचानक रुख बदल गया है और गाँधी जी को misquote करके बहुत कुछ दबाने के लिए, छिपाने के लिए इस तरह से बताया जा रहा है। लोग इस तरह से क्यों बोल रहे हैं?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGARAJAN): Which document are you quoting from?

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: The Collected Works of Mahatma Gandhi.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGARAJAN): Yes, you can proceed.

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: Sir, it is 'The Collected Works of Mahatma Gandhi.' If you want, tomorrow, I would give you three volumes. I would submit three volumes.

सर, इस तरह से बातें क्यों कही जा रही हैं, क्यों छुपाई जा रही है? गाँधी जी अचानक पूज्य बापू हो गए। जो लोग समझते हैं कि गाँधी जी नाटक करते थे, उनके लिए अचानक बापू जी पूज्य हो गए, क्योंकि सीएए ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGARAJAN): I am sorry. I have asked because you are questioning the President's Speech.

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: You are right, Sir. I admit. I bow down to you.

सर, सिटिज़न अमेंडमेंट एक्ट के पीछे सरकार का जो हिडन एजेंडा है, उस हिडन एजेंडा को छिपाने के लिए ये सारे cover up हो रहे हैं और वह भी गाँधी जी के नाम पर। यह हिडन एजेंडा क्या है? Religious persecution भी है और religious polarization भी है। इनका ये दो हिडन एजेंडाज़ हैं - एक, religious persecution और दूसरा, religious polirization. इस मकसद को लेकर ये आगे बढ़ रहे हैं। इसको छुपाने के लिए गाँधी जी का सहारा लेकर उनकी बातों को distort किया गया, इसलिए मेरे विचार से पैराग्राफ 35 को हटाया जाए।

सर, सीएए के पास होने के बाद, जैसा कि हमारे नेता विरोधी दल, गुलाम नबी आज़ाद साहब ने बोला कि सारे देश में एक आंदोलन शुरू हो गया, कहीं-कहीं हंगामा भी हुआ, आगजनी हुई। जो आगजनी हुई, हंगामा हुआ, हम कड़े से कड़े शब्दों से उसकी निन्दा करते हैं। हमारे राज्य में भी थोड़ा-बहुत हुआ और उसके लिए हमने हजार से ज्यादा आदमियों को हिरासत में लिया और हमारी नेता, सुश्री ममता बनर्जी ने पैदल चलकर सारे बंगाल का परिभ्रमण किया। Mile after mile, day after day, night after night, she walked towards the entire West Bengal to preach to the people that whatever you want to do, please to in a peaceful and democratic manner. She has shown the path as to how to mobilize public opinion in a democratic manner. उन्होंने ऐलान न किया कि जब तक हमारे बदन में खून बहता है, तब तक हम बंगाल में सीएए, एनआरसी, एनपीआर लागू नहीं होने देंगे और सिर्फ बंगाल ही नहीं, केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना वगैरह बहुत सारे राज्यों ने ऐसा रुख अपनाया, अधिवेशन में ऐसा प्रस्ताव पास किया और मुख्यमंत्रियों ने भी ऐलान किया कि हमारे राज्य में हम सीएए या एनआरसी लागू नहीं होने देंगे। उनके जो साथी लोग हैं, हम नाम नहीं लेना चाहते, बिहार के आदरणीय चीफ मिनिस्टर, ओडिशा के आदरणीय चीफ मिनिस्टर, हमने अखबार में देखा है, सच है या झूठ है, यह मुझे नहीं मालूम, अगर सच है, तो ठीक है। हम उनको सलाम करते हैं कि वे लोग भी बोले, सत्ताधारी पार्टनर होते हुए भी उन्होंने बोला कि हमारे राज्य में हम यह सब एनआरसी का हंगामा नहीं चाहते, तो यह परिस्थिति है। इसको खासकर हमारा जो युवा है, जो स्टूडेंट्स हैं, विद्यार्थी हैं, सिर्फ जामिया में नहीं, सिर्फ अलीगढ़ में नहीं, सिर्फ जेएनयू में नहीं, सिर्फ जादवपुर यूनिवर्सिटी में नहीं, बल्कि सारे हिन्दुस्तान के कण-कण में जितने भी एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस हैं, हर जगह विद्यार्थी सड़कों पर उतरे, उन्होंने मोर्चा खोले और सीएए के खिलाफ प्रतिवाद और प्रतिरोध की शपथ ली। क्या हम इन लाखों-करोड़ों जनता, युवा, छात्र सबको अस्वीकार करें? क्या ये हमारे देश के नागरिक नहीं हैं? हम इनकी बात सुनना नहीं चाहते हैं, लेकिन क्यों सुनना नहीं चाहते हैं? अगर आप people's Government हैं, अगर आप democratic Government हैं, तो आपको जनता की बात सुननी ही पड़ेगी। बताया

गया कि यह कानून नागरिकता छीनने के लिए नहीं लाया गया है, बल्कि नागरिकता देने के लिए लाया गया है। यह बहुत अच्छी बात है। क्या हम 65 सालों से नागरिक नहीं थे, अब हमें नागरिकता दी जाएगी? क्योंकि सिटिजनशिप एक्ट 1955 में पास हुआ था, 65 साल बीत चुके हैं, तो हम 65 साल से नागरिक नहीं थे, वे लोग हमें अब नागरिकता देंगे? सत्ता में हैं, तो हमें नागरिकता देंगे। इसके लिए एनआरसी करना पड़ेगा, एनपीआर भी करना पड़ेगा। मेरे पिताजी ने कहाँ जन्म लिया था, कब जन्म लिया था, मेरी माता जी ने कहाँ जन्म लिया था, कब जन्म लिया था, सब बोलना पड़ेगा, सब तथ्य देना पड़ेगा, लेकिन क्यों देना पड़ेगा? हमारे पास राशन कार्ड है, हमारे पास वोटर्स कार्ड है, आधार कार्ड है, पैन कार्ड है, पासपोर्ट है, बैंक की पासबुक है, insurance के कागजात हैं, फिर भी हमको प्रमाणित करना पड़ेगा कि हम हिन्दुस्तान के नागरिक हैं या नहीं। क्या किसी विदेशी को राशन कार्ड मिलता है, क्या किसी विदेशी को पासपोर्ट मिलता है, क्या हमारे यहाँ किसी विदेशी को आधार कार्ड या पैन कार्ड मिलता है, क्या वोटर्स कार्ड मिलता है, तो इस देश में यह क्या हो रहा है? यह सरकार, दशानन सरकार है। ये लोग दस मुँह से दस बातें कहते हैं। जब देखा कि स्थिति बहुत नाजुक है, हमारे युवा, हमारे विद्यार्थी लोग सड़क पर उतर गए हैं, सिर्फ कॉंग्रेस नहीं, सिर्फ टीएमसी नहीं, एसपी, बीएसपी, डीएमके वगैरह विरोधी दल नहीं, बल्कि आम जनता खफा हो गई है, तो दशानन सरकार के दस मुँह से दस बातें निकलने लगीं कि कन्फ्यूज़ कर दो। 10 तरह की बातें करने लगो, ताकि एक confusion create किया जाए। फिर क्या बोला गया? फिर बोला गया, एनआरसी? एनआरसी पर तो सरकार में कभी चर्चा ही नहीं हुई। क्या हम लोग कान से नहीं सुनते हैं? क्या हम लोग आँख से नहीं देख पाते हैं? इसी सदन में बताया गया कि अभी तो यह सीएए लागू हो रहा है, थोड़ा रुकिए, सारे हिन्दुस्तान में हम एनआरसी लागू करेंगे, चुन-चुनकर लाएँगे। देश की हर जगह पर आम सभाओं में सत्ताधारी दल के मंत्रियों और नेताओं ने हज़ारों बार, सैंकड़ों बार चिल्ला-चिल्लाकर बताया और अब ये बोल रहे हैं कि सरकार में इस पर चर्चा ही नहीं हुई! जब इस पर चर्चा ही नहीं हुई, तो फिर आपने क्यों बोला? आज सुबह, लोक सभा में एक सवाल के जवाब में आदरणीय गृह मंत्री जी ने कहा कि till now, there is no decision on NRC. Till now! आज नहीं तो कल होगा। इसका मतलब, आज नहीं है, लेकिन कल हो सकता है। यहाँ हमने सुना कि यह होगा ही और देखते रहना। हम मायके चले जाएँगे, तुम देखते रहना! इस तरह, सभी लोगों ने एक ही सुर लगाया। जब ऊपर से बोल दिया गया कि इस पर कभी चर्चा नहीं हुई, तो सब बोलने लगे कि चर्चा नहीं हुई, चर्चा नहीं हुई, चर्चा नहीं हुई। "मिले सुर मेरा तुम्हारा।" यह भैरवी राग है। जो राग सुबह गाया जाता है, उसे भैरवी कहते हैं, लेकिन अभी तो afternoon है, अभी हम भैरवी नहीं गा सकते। हम अभी वृन्दावनी सारंग गा सकते हैं, हम पटदीप या भीमपलासी जैसे afternoon के दूसरे राग गा सकते हैं। ये राग इनको मालूम है कि नहीं, यह मुझे मालूम नहीं है, लेकिन ये तो सब जानते हैं। ये राग-रागिनी सब जानते हैं, इसलिए ये सब लोग मिलकर हम सबको राग-रागिनी सुनाने लगे कि हम लोग नादान हैं, कुछ नहीं समझते हैं, राग-रागिनी क्या होती है, यह हमको मालूम नहीं है। आपको राग-रागिनी सुननी पड़ेगी, क्योंकि हम अभी सत्ता में हैं। इस तरह,

बहुत सारी राग-रागिनी सत्ताधारी नेताओं ने सुनायी। ठीक है। अभी भी यह सुनायी जा रही है, लेकिन हमारे पास वीडियो है। कौन क्या बोला, सबका वीडियो हमारे पास है, बहुत सारे लोगों के पास है। यहाँ तक कि बीजेपी के ट्विटर एकाउंट से जो ट्वीट इरेज़ किया गया था, वह भी मेरे पास है। अगर कोई सुनना चाहता है, आप लोगों में हिम्मत है और यदि कोई कहता है कि हाँ, उसे पेश करो, यहाँ सुनाओ, तो हम उसको सदन में सबको सुनाएँगे कि कौन क्या बोला। ...**(व्यवधान)**... मैनिफेस्टो तो है ही, वह कभी-कभी देखते हैं।

सर, इस लोकतांत्रिक आंदोलन को दबाने के लिए ये लोग धारा 144, अश्रु गैस, लाठी और गोली को अपनाए हुए हैं। अभी भूपेन्द्र जी नहीं हैं, वे सुबह संविधान को सुना रहे थे। संविधान में आर्टिकल 14 है, आर्टिकल 19 है और आर्टिकल 21 है। हमारे माने हुए वकील, हमारी कानूनी बिरादरी के नेता, अभिषेक मनु सिंघवी जी अभी भी यहाँ बैठे हैं। वे इन सबको ज्यादा अच्छे से एक्सप्लेन कर सकते हैं। भूपेन्द्र जी ने कुछ प्रयास किए, लेकिन आर्टिकल 14, 19 और 21 की बात को उन्होंने एक बार भी नहीं उठाया, क्योंकि अगर उनको उठाया, तो मुश्किल है। खैर! धारा 144, अश्रु गैस, लाठी और गोली -- हिन्दुस्तान के इतिहास में पहली बार एक केन्द्रीय मंत्री आम सभा में बोल रहा है, गोली मारो। ...**(व्यवधान)**... किसको गोली मारो? गोली मारो, गोली मारो। मंत्री बोल रहा है, गोली मारो और जनता वह बोल रही है, जो अभी ये बोल रहे थे। वह गाली मैं नहीं बक सकता, क्योंकि यह सदन है। मैं बाहर भी वह गाली नहीं बक सकता हूँ। आपने संविधान की शपथ ली कि हम हिन्दुस्तान के संविधान और कानून की रक्षा करेंगे, इसका हम पालन करेंगे। अभी तक यह मंत्री मंत्रिमंडल में कैसे हैं, यह सवाल मैं उठाना चाहता हूँ। जो सरकार संविधान को मान्यता नहीं देती है, उस सरकार को अगर हम असंवैधानिक बोलेंगे तो क्या यह भूल होगी? सबने शपथ ली, हमने भी शपथ ली। हिन्दुस्तान के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि कोई मंत्री आम सभा में इस तरह से बोले, पिछले 70-75 साल में इतनी सारी पार्टीज़ आयीं। यह चल रहा है कि गोली मारो, इसको गोली मारो, उसको गोली मारो। अब तो किसी राज्य का मुख्य मंत्री भी बोलने लगा है, मुख्य मंत्री भी बोलने लगा है कि गोली मारो। सरकार अब बेनकाब हो चुकी है। संविधान की जो आत्मा है। The soul of the Constitution is the Preamble. उस Preamble पर हर रोज़ कुठाराघात किया जा रहा है।

सर, बोलते हैं कि ये लोग आज़ादी का नारा लगा रहे हैं, ये लोग आज़ादी-आज़ादी के slogans दे रहे हैं। हाँ, वे slogans दे रहे हैं। वे क्यों दे रहे हैं, आज़ादी का मतलब क्या है? नेहरू जी ने जब कराची में राष्ट्रीय काँग्रेस के अधिवेशन में भाषण दिया, तब उन्होंने बोला What is meant by freedom? फ्रीडम का मतलब क्या है? Freedom from political bondage, freedom from economic slavery, freedom from cultural stagnation, मतलब, राजनीतिक बंधन से आज़ादी, आर्थिक दासता से आज़ादी और सांस्कृतिक गतिरोध से आज़ादी। अगर आज देश में ऐसा माहौल पैदा हो गया कि हम सांस्कृतिक गतिरोध में फंस गए हैं, आर्थिक दासता में फंस गए हैं या राजनीतिक बंधन, जो एजेंडा हमने बताया है, hidden agenda बताया है, उस राजनीतिक

hidden एजेंडा में हम फंस गए हैं, उससे मुक्त होने के लिए अगर हमारे बेटे, हमारी बेटियां, हमारे भाई, हमारी बहनें, हमारे स्टूडेंट्स, हमारे यूथ, हमारे मज़दूर, अगर वे सब आज़ादी चाहते हैं तो इसमें दोष क्या है? आप आज़ादी के स्लोगन का मतलब ही नहीं समझते हैं। आप इस देश का अंदर से विभाजन करना चाहते हैं, आपके टुकड़े-टुकड़े गैंग देश का विभाजन करने के लिए इसमें लगे हुए हैं। इसलिए लोकतंत्र का कंठ रुंध हो रहा है। सर, धर्म के नाम पर एक भयानक राजनीतिक राह पर ज़बरदस्ती सबको चलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। आप इतना नेहरू जी-नेहरू जी बोलते हैं। मैंने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में बहुत सारे नेताओं के नाम देखे, मैं उन सब पर श्रद्धा करता हूं, जिनके नाम हैं, उन सब पर श्रद्धा करता हूं। नेहरू जी का नाम नहीं है, जिन्होंने हमारे देश को करीब 20 साल से अधिक समय तक नेतृत्व दिया, देश को बनाया और नेहरू जी सलाखों के पीछे 3,262 दिन थे। आप किसी दूसरे नेता का नाम बताइए, जो 3,262 दिन तक सलाखों के पीछे रहा, भारत छोड़ो आंदोलन जब हुआ, सिर्फ उस समय without any break नेहरू जी, 1,040 दिन तक सलाखों के पीछे रहे। क्या उनका नाम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में नहीं रहेगा?...**(व्यवधान)**...

श्री विनय दीनू तेंदुलकर (गोवा): नाम लिया है।

श्री सुखेन्दु शेखर राय: वह हम जानते हैं कि कहां लिया और क्यों लिया। हम जानते हैं। जहां पर बहुत सारे नेताओं का नाम लिया गया, वहां नेहरू जी का नाम नहीं लिया गया। आप ठीक से देख लीजिए।...**(व्यवधान)**... ठीक है, जब आपका समय आएगा, तब आप बोलना। आपकी पार्टी के बारे में मैं क्या बताऊं? आपने खुद स्वयं का नाम और निशान 4 बार बदल दिया। पहले आप हिन्दू महासभा के नाम से आए, फिर जनसंघ के नाम से आए, फिर जनता पार्टी में विलय किया, फिर आप भाजपा के नाम से आए। न जाने आगे आप किस रूप में और किस चेहरे में सामने आएंगे। हमें नहीं मालूम है। आप खुद अपना नामो-निशान मिटा देते हैं। आज जो परिस्थिति तैयार हुई है, मुझे लगता है कि यह ताज भी नहीं रहेगा और यह तख्त भी नहीं रहेगा। सर, अपना-अपना विचार है। अभी मैं चर्चा करते-करते एक बात बोलना भूल गया। अभी चार मिनट टाइम बचा हुआ है और मैं चार मिनट में ही अपनी बात खत्म कर दूंगा। मैंने कहा था कि यह सरकार विक्रेता सरकार है। यह रेलगाड़ी बेच रही है, स्टेशन बेच रही है, हवाई अड्डा बेच रही है, एयर इंडिया बेच रही है, भारत पेट्रोलियम बेच रही है, यह port trust की जमीन बेच रही है और अलग से 28 पीएसयूज को बेच रही है। इसकी मृतघोषणा हो गई है, लेकिन शमशान ले जाने के लिए अभी थोड़ा वक्त बाकी है। यह हंसी-मजाक की बात नहीं है, यह serious बात है। All these PSUs are the property of the people. The Government is only the custodian. The Government has no right to sell out people's property without discussion with the stakeholders *i.e.*, people. हमारे संविधान में We, the people of India. यह सरकार निर्णय ले रही है कि जब मन चाहे हम इसको बेच देंगे, उसको बेच देंगे। क्या यह उसकी जमींदारी है? इसको बेचने के लिए क्या आपको मेंडेट मिला था? आपको इसका जवाब देना पड़ेगा। हमारी

5.00 P.M.

नई पीढ़ी के लिए हम क्या छोड़कर जाएंगे? जो हिंदुस्तान की जनता है, उसने अपने खून और पसीने से इन संस्थाओं को तैयार किया था, जिनको एक-एक करके आप बेच रहे हैं। जहां अभी गुलाम नबी जी बैठते हैं, वे वहां बैठते थे, लेकिन वे गुजर गए हैं, मैं उनकी बहुत श्रद्धा करता हूं, सब करते हैं। बाकी सब लोग हर रोज़ यहां वेल में आते थे, एक session तो पूरा washout हो गया। उनकी मांग थी कि हम multibrand में एफ.डी.आई. नहीं आने देंगे। अगर टेक्नीकली पूछेंगे, तो अभी भी नहीं आया है, लेकिन Walmart ने Flipkart खरीदा और Flipkart खरीद कर वह पीछे के दरवाजे से multi brand retail का जो online business है, उसके ऊपर कब्जा कर रहा है और जब कब्जा हो जाएगा, तो जो हमारे लाखों-करोड़ों retailers हैं, वे बरबाद हो जाएंगे - जैसे कि अमरीका और यूरोप में हुआ है।

सर, अंत में जो 28 भगोड़े अपराधी हैं, मेरे पास नाम हैं, लेकिन मैं नाम नहीं लूंगा। यदि मैं नाम बताऊंगा तो कुछ लोग नाराज होंगे, क्योंकि वे पाकिस्तानी, मुसलमान, माओवादी या टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्य नहीं हैं। वे एक विशेष राज्य के आदिवासी हैं। मैं नहीं बताना चाहूंगा। सर, आप जनता की आवाज़ सुनने की कोशिश कीजिए। आप हर बात पर - पाकिस्तानी, पाकिस्तानी, पाकिस्तान के दलाल, यह बोलना छोड़िए। कौन किसका दलाल है, वह तो सब समझ गए हैं, जनता समझ गई है। मैं मेरा भाषण समाप्त करना चाहता हूं। एक मिनट का समय बाकी है। एक शायर हैं, फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ आजकल उनके बारे में आलोचना हो रही है। चर्चा नहीं, आलोचना हो रही है। He is being criticized. वे पाकिस्तानी थे, लेकिन पाकिस्तानी होते हुए भी वे चार साल पाकिस्तान की सलाखों के पीछे थे, क्योंकि वे Marxists थे, Progressive writer थे, आप जैसे Marxists थे। सर, उनके एक गीत की दो लाइन, हमारे समय की '1942 A Love Story' बहुत मशहूर फिल्म थी, जिसको बहुत सारे लोगों ने देखा भी और गाना भी सुना। आर.डी.बर्मन का आखिरी hit song उसमें था। जिसकी दो कलियां मैं सुनाना चाहता हूं, हालांकि मैं गायक नहीं हूं -

"यह सफर बहुत है कठिन, मगर न उदास हो मेरे हमसफर।
दिल ना उम्मीद तो नहीं, नाकाम ही तो है।
लम्बी है गम की शाम, मगर शाम ही तो है।"

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGARAJAN): Now, Shri A. Navaneethakrishnan. There are two speakers from your party and you have 32 minutes. So, try to finish in sixteen minutes. I know you are a very good speaker.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN (Tamil Nadu): No; no, Sir. We will be giving one more name. I will restrict myself to five to six minutes..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGARAJAN): Whatever name you give, that will go to the hon. Chairman for approval.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN (Tamil Nadu): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to thank His Excellency, the President of India, for his Address which he has been pleased to deliver to both the Houses of Parliament, assembled together in the Central Hall on January 31st, 2020.

I also thank the Central Government and His Excellency the President for quoting Thiruvalluvar. The Thirukural quoted very clearly shows that the Central Government is committed to protect the agricultural as well as the farming community. So, by quoting the Thirukkural, the hon. President and the Government have indicated that the agricultural and farming community will be protected at any cost.

*(*MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair)*

Of course, there is an error in transliteration. That is why I was a bit confused and was not able to identify the exact Thirukkural. Of course, my senior colleague, Shri A.K. Selvaraj, helped me in finding out the exact Thirukkural, quoted by the hon. President. It is very special in Tamil language. It is not available in any other language. Therefore, I may be permitted to read and quote the Thirukkural. I quote, *"Urruvar Ulgattaark Aaniya tattraad, Erru-vaare Ellaam Porutt"*.

Sir, this is the Thirukkural, which was quoted by the hon. President. But, in the transliteration, there is an error. But, of course, the meaning was rightly conveyed by the hon. President in his Address. I quote the meaning, "Like a linchpin of an axle, a farmer holds together the entire world. He bears the burden of those people who cannot cultivate land." So, on behalf of the people of entire world, those who are not cultivated, the farmer is holding the entire world. So, such a beautiful Thirukkural has been quoted by the hon. President. And, thereby, the Central Government has made it very clear its policy to protect the agricultural and the farming community. There is no doubt about it.

Also, at the outset, I would like to thank the Central Government as well as the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi for sanctioning eleven medical colleges for the State of Tamil Nadu in a single calendar year, namely, in 2019. I think, now, each and every district of Tamil Nadu is going to have a medical college. So, obviously, the

students of Tamil Nadu will be benefitted by this. Of course, I would later on be coming to the NEET also. But, I thank the Central Government for sanctioning eleven medical colleges.

Now, the Government of Tamil Nadu, Amma's Government, headed by Shri Edappadi K. Palaniswami, has been ranked by the Central Government as number one in Good Governance Index. That ranking is on the basis of the real time data. So, there is not any favouritism or anything else; it is a verifiable data. On the basis of that, the Central Government has ranked as number one the Government headed by Thiru Edappadi K. Palanisami, Amma's Government. I am very happy and thank the Central Government for that. But, at the same time, I would like to urge the Central Government to resolve the Cauvery Delta problem. There is a proposal for extraction of hydrocarbon by private companies as well as by the ONGC. The recent notification issued by the Central Government states that prior environmental clearance and public hearings are not at all required. The matter had been sent to the Central Government. The Central Government was very much concerned about it. They agreed to consider the grievance of the people of Tamil Nadu. I am raising this issue because according to the people of Tamil Nadu, the entire Cauvery Delta will be destroyed if that project is allowed to go on. Also, a few safeguards which are available in the form of prior environmental clearance as well as the public hearing have now been dispensed with. The Central Government has been kind enough to give a hearing to the State Government. They are going to give the hearing, and, definitely, they would resolve the issue. I thank the Central Government.

Further, regarding the NEET, I would say that though they have given 11 medical colleges—~~t~~there is no doubt about it ~~in~~ a single calendar year, at the same time, I would like to point out that NEET is used only by the rich students. Earlier, in Tamil Nadu, when there was no NEET, students from the poor strata of the society got the benefit of reservation. Of course, we are following the reservation. But now, with the introduction of reservation in NEET, only the rich students are able to get the seats. To get the NEET training, a candidate has to spend a minimum of five lakhs. So, this aspect also has to be taken note of by the Central Government. Already, two Bills have been passed by the Tamil Nadu Legislative Assembly unanimously. So, if a Bill is passed by the Legislative Assembly unanimously, then, the concept of cooperative federalism requires that it is given due weightage by the Central Government. The Bills are pending with the Central Government. So, I urge the Central Government very

humbly that NEET need not be imposed on the students of Tamil Nadu. During those days, in Amma's period, at least from five villages, one student from the village of that locality used to join a medical college. That is not happening now. So, the ground reality must be taken note of by the Central Government. Further, I must thank the Central Government again, subject to correction, on 96 Heads, the Tamil Nadu Government has been ranked as number one. As and when, then and there, the Central Government is giving the awards to the Tamil Nadu Government headed by Thiru Edappadi K. Palanisami. It shows our good governance. All the credit goes to our political party AIADMK and the Ministry headed by Edappadi K. Palanisami, and, ultimately to hon. Amma, whether it is law and order, agriculture, handlooms or any other thing like providing medical service to the rural mass, in all Heads, our State Government has been ranked as number one. So, now, we are having good practices in place. Even the other day, I pointed out that our growth rate, GDP, is 8.6 per cent. So, we are number one in all. Why I am telling all this before this august House is because in Tamil Nadu, we are following good practices and good practices are in place. The Central Government is also supporting the Tamil Nadu Government wherever it is required except in case of NEET. Though exemption was given for one year, subsequently, that exemption was not extended to.

So my humble submission would be, I wholeheartedly welcome the speech delivered by His Excellency, the President, and we also support the Central Government. At the same time, I humbly urge the Central Government to look into our genuine grievances. I further urge the Central Government to do agriculture which is chemical free. I again say, subject to correction, an amount of ₹ 75,000 crores is given as fertilizer subsidy. That may be utilized for strengthening the organic or natural farming. So, the Government must find out ways and means to support the natural and organic chemical-free farming.

I thank the Government, I thank hon. Amma, I thank our hon. Chief Minister for giving me this opportunity. Thank you, Sir.

श्री जावेद अली खान (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति जी, आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। जैसा हम सब लोग जानते ही हैं कि महामहिम राष्ट्रपति जी जो अभिभाषण करते हैं, वह सरकार के किए गए कामों का रिपोर्ट कार्ड होता है और आने वाले दिनों में सरकार किस रास्ते पर चलेगी, उसका उसमें जिक्र होता है। हमारी पार्टी के नेता प्रो. राम गोपाल यादव जी को इस विषय पर बोलना था,

लेकिन वे कल अपनी बात रखेंगे, इसलिए मैं आज आपको समय के लिए ज्यादा परेशान नहीं करूंगा, मैं अपने आप ही सीमित समय में रहूंगा।

†**جناب جاوید علی خان(اتّر پردیش)** : مانّنے اپ سبھا پتی جی، آپ نے مجھے مہا مہم راشٹرپتی جی کے ابھیبھاشن پر بولنے کا موقع دیا، اس کے لئے آپ کا دھنیواد. جیسا ہم سب لوگ جانتے ہی ہیں کہ مہامہم راشٹرپتی جی جو ابھیبھاشن کرتے ہیں، وہ سرکار کے کئے گئے کاموں کا رپورٹ کارڈ ہوتا ہے اور آنے والے دنوں میں سرکار کس راستے پر چلے گی، اس کا اس میں ذکر ہوتا ہے۔ ہماری پارٹی کے نیتا پروفیسر رام گوپال یادو جی کو اس موضوع پر بولنا تھا، لیکن وہ کل اپنی بات رکھیں گے، اس لئے میں آپ کو وقت کے لئے زیادہ پریشان نہیں کروں گا، میں اپنے آپ ہی مقررہ وقت میں رہوں گا۔

श्री उपसभापति: आपने खुद ही समय दिया है। आप हमेशा समय सीमा में रहते हैं।

श्री जावेद अली खान: माननीय उपसभापति जी, यह जो हमारी सरकार है, यह जो लिखत-पढ़त में कहती है और इसके नेता, मंत्री यहां तक कि प्रधान मंत्री जी, सार्वजनिक मंचों पर जो कहते हैं, उसमें बहुत ज्यादा फर्क होता है, कई अवसरों पर ऐसे उदाहरण देखने को मिले हैं। आज हमारे देश के अंदर जो सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बना हुआ है, जो मुद्दा है, वह CAA और NRC का मुद्दा है। मेरे ही प्रश्न के जवाब में और इत्तिफ़ाक़ से आप ही चेयर पर बैठे हुए थे, मैंने एक प्रश्न पूछा, वह पूरक प्रश्न था, गृह मंत्रालय का सवाल-जवाब चल रहा था। मैंने पूछा कि क्या असम से बाहर कहीं NRC लागू करने का सरकार का कोई विचार है, तो उस वक्त गृह राज्य मंत्री सब प्रश्नों के जवाब दे रहे थे और जो मुख्य प्रश्न था, उसका भी जवाब गृह राज्य मंत्री जी दे रहे थे, लेकिन हमारे केबिनेट मंत्री, भारत के गृह मंत्री यहां सदन में मौजूद थे, उन्होंने हाथ से उन्हें रोका और इस सवाल पर कि NRC देश के अंदर लागू करने का विचार है या नहीं है? उन्होंने खुद खड़े होकर, बड़ी ताल ठोककर कहा कि इंच-इंच जमीन पर NRC लागू होगा और घुसपैठियों को बाहर किया जाएगा। जब कुछ दिनों के बाद चर्चा ज्यादा हुई, तो माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा, NRC का कोई जिक्र ही नहीं है, कई वक्ताओं ने भी इस मामले का जिक्र किया।

माननीय उपसभापति जी, आप मेरी शंका का समाधान कीजिए कि इस सदन के पटल पर बोली गई बात को ज्यादा महत्व देना चाहिए या रामलीला मैदान के मंच पर बोली जाने वाली बात को ज्यादा महत्व देना चाहिए। मैं समझता हूं कि अगर आप मेरी शंका का समाधान करेंगे, तो निश्चित रूप से यह कहेंगे कि जो बात सदन में कही जाती है, उसका ज्यादा महत्व होता है, बाहर के मंचों पर कही जाने वाली बात को इतनी गंभीरता से नहीं लेना चाहिए।

सर, क्या स्थिति हो गई है? एक आंदोलन पूरे देश के अंदर चल रहा है। उस आंदोलन के विरोध में सभी वर्गों के, सभी धर्मों के, सभी जातियों के लोग हैं, किसी के कम हैं, किसी के

†Transliteration in Urdu script.

ज्यादा हैं। महोदय, लेकिन उस आन्दोलन को एक खास धर्म के मानने वालों का आन्दोलन और उसमें भी सिर्फ एक खास लिंग के लोगों का आन्दोलन, यानी महिलाओं का आन्दोलन बताकर पेश किया जा रहा है।

महोदय, हमारा संवैधानिक अधिकार है। देश के नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है कि हम किसी भी फैसले का, चाहे कोई भी ले, किसी भी स्तर पर हो, हम उससे अपनी असहमति व्यक्त कर सकते हैं। उसके खिलाफ अपने पक्ष में लोगों को मोबिलाइज़ कर सकते हैं, लेकिन आज कुछ पार्टियों का लैवल उस आन्दोलन पर जबर्दस्ती लगाया जा रहा है।

महोदय, मैं अपने भाषण में इस आन्दोलन का जिक्र इसलिए कर रहा हूं, क्योंकि इस देश के अंदर यह जो आन्दोलन शुरू हुआ है, एक ऐसी संस्था से हुआ है, जामिया मिलिया इस्लामिया, जहां का मैं बरसों तक विद्यार्थी रहा हूं। जब वहां यह आन्दोलन शुरू हुआ और जब वहां के छात्रों के ऊपर, पुलिस ने जो बर्बरता की, हमारे ही साथियों ने कुछ ऐसी-ऐसी बातें कह दीं, जो उन्हें नहीं कहनी चाहिए थीं। एक सदस्य ने तो यहां तक कह दिया कि यह आतंकवादियों का अड्डा है। ऐसे विश्वविद्यालयों पर ताला ठोक देना चाहिए। मैं बड़े अदब से कहना चाहता हूं कि जो लोग जामिया मिलिया इस्लामिया के इतिहास को नहीं जानते, जिन लोगों ने कभी उससे वास्ता नहीं रखा या आज़ादी के आन्दोलन को थोड़ा बहुत भी नहीं पढ़ा है, वही लोग ऐसी बात कर सकते हैं।

महोदय, महात्मा गांधी जी के आह्वान पर वर्ष 1920 में, जब सरकारी सहायता से चलने वाले विश्वविद्यालयों का बहिष्कार करके देशी शिक्षा संस्थाएं बनाने का आह्वान किया गया था, उस समय जामिया मिलिया इस्लामिया वजूद में आई थी। अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी से अलग हुए थे और जामिया मिलिया इस्लामिया, उन स्वाधीनता संग्राम के सेनानियों ने बनाई थी, जो आज़ादी के आन्दोलन में पेश-पेश थे। इसलिए जामिया के लोग आज़ादी के महत्व को भी जानते हैं, जामिया के लोग आन्दोलन के महत्व को भी जानते हैं, जामिया के लोग अंग्रेजों से भी लड़ना जानते हैं और जामिया के लोग देशी अंग्रेजों से भी लड़ना जानते हैं, यह बात मैं कहना चाहता हूं।

महोदय, आज जिस तरीके से इस विषय को उठाया गया है, मैं आपसे जानना चाहता हूं कि सरकार CAA के माध्यम से करना क्या चाहती है? CAA के माध्यम से ऐसा बताया जा रहा है, जैसे इतना बड़ा काम कर दिया गया हो कि किसी को भारत की नागरिकता मिलती ही नहीं थी और उन्हें नागरिकता देना शुरू कर दिया गया हो, लेकिन यह स्थिति नहीं है। सिर्फ एक काम इन्होंने किया है, जिसे हम कुछ परिस्थितियों में सही भी कह सकते हैं कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश के अंदर, जो धार्मिक अल्पसंख्यक वहां की सरकार की नीतियों से या वहां के समाज द्वारा प्रताड़ित थे, उन्हें यह नागरिकता, जो पहले 11 साल में मिलती थी, अब उसे मात्र पांच साल में देंगे। उसकी अवधि घटाकर 11 साल से पांच साल की है। इन्होंने यह एक काम किया है, जिसे हम सही भी कह सकते हैं, लेकिन सही काम करने के लिए, हम हिन्दुओं को देंगे, हम सिखों को देंगे, हम बौद्धों को देंगे, हम जैनों को देंगे, हम पारसियों को देंगे और

हम ईसाइयों को देंगे, यह कहने की कौन सी जरूरत थी? जब इस बिल पर सदन में बहस हुई थी, उस वक्त भी मैंने कहा था कि अगर पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश के धार्मिक अल्पसंख्यकों को आप नागरिकता की 11 साल की शर्त को पांच साल करने की बात करते हैं, तो वह बात क्लासिफिकेशन के दायरे में भी आती है, वह रीज़नेबल भी हो जाती है और हमारे संविधान के अनुरूप भी हो जाती है। मगर इन्हें तो मज़ा इसी में आता है कि भारतीय समाज को हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर मथा जाता रहे और उस मंथन में से ये सत्ता का अमृत निकालना चाहते हैं, इसलिए ये हिन्दू-मुस्लिम का सवाल लाए हैं।

महोदय, आज मुझे गांधी जी की बहुत याद आ रही है। मैं तो घबरा गया था कि सारे कोटेशन्स गांधी जी के, जो उनके प्रार्थना प्रवचनों में दिए गए हैं, जब हमारे श्री सुखेन्दु शेखर राय बोल रहे थे, तो एक के बाद एक वे गांधी जी को क्वोट करते जा रहे थे। मैं भी कुछ लाया हूं।

ज्यादातर वही थे, लेकिन एक बच गया, मैं उसे पढ़ना चाहता हूं कि गाँधी जी ने क्या कहा था? यह प्रार्थना प्रवचन 10 जुलाई, 1947 का है। धार्मिक अल्पसंख्यक, जो पाकिस्तान में उस वक्त तक होने वाले थे, यानी हम उन्हें हिंदू सिख भी कह सकते हैं, उन लोगों के बारे में गाँधी जी क्या कहते हैं? उन लोगों के बारे में गाँधी जी ने कहा था, "परंतु यदि सिंध या और जगहों से लोग डर के मारे अपने घर-बार छोड़कर यहाँ आ जाते हैं, तो क्या हम उनको भगा दें? यदि हम ऐसा करें, तो अपने को हिंदुस्तानी किस मुँह से कहेंगे? हम कैसे जय हिंद का नारा लगाएंगे? नेता जी किसके लिए लड़े थे? हम सब हिंदुस्तानी हैं। चाहे दिल्ली का हो या गुजरात का, वे लोग हमारे मेहमान बनकर रहें। हम यह कहते हुए उनका स्वागत करें कि आइए, यह भी आपका मुल्क है और वह भी आपका मुल्क है। गाँधी जी का यह प्रवचन, गाँधी जी का यह वाक्य सीएए का मुख्य आधार बताया गया है। लेकिन जब मैं इसी पैराग्राफ का अगला वाक्य पढ़ता हूं, तो वे क्या कहते हैं, उनका कितना बड़ा नज़रिया था? "इस तरह से उन्हें रखना चाहिए। और यदि राष्ट्रीय मुसलमानों को भी पाकिस्तान छोड़कर आना पड़ा, तो वे भी यहीं रहेंगे। हम हिंदुस्तानी की हैसियत से सब एक ही हैं। यदि यह नहीं बन सकता, तो हिंदुस्तान नहीं बन सकता।" गाँधी जी का उन हिंदुओं के बारे में, उन मुसलमानों के बारे में यह दृष्टिकोण था, जो उस वक्त पाकिस्तान में रहते थे। लेकिन आज यह मांग नहीं है। पूरे आंदोलन की यह मांग नहीं है कि पाकिस्तान के मुसलमानों को यहाँ नागरिकता दीजिए या बंगलादेश और अफगानिस्तान के मुसलमानों को यहाँ नागरिकता दीजिए। आज की मांग सिर्फ यह है - क्योंकि आपका यह संशोधन नागरिकता कानून में संविधान की मूल भावना के खिलाफ है, यह हिंदू-मुस्लिम करता है, यह अपने नागरिकों को या देश में जो लोग रह रहे हैं, उन नागरिकों के बीच में धर्म के आधार पर भेद करता है, तो धर्म निरपेक्ष राष्ट्र में, धर्म निरपेक्ष देश में धर्म के नाम पर भेद करना ...(**समय की घंटी**)... संविधान की भावना नहीं है, इसलिए हम इसका विरोध करते हैं। मैंने आपको पहले ही बता दिया है कि कल हमारे प्रो. राम गोपाल यादव जी इस विषय पर बोलेंगे। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

†**جناب جاوید علی خان :** مانّئے اپ سبھا پتی جی، یہ جو ہماری سرکار ہے، یہ جو لکھت-پڑت میں کہتی ہے اور اس کے نیتا، منتری یہاں تک کہ پردھان منتری جی، عوامی منچوں پر جو کہتے ہیں، اس میں بہت زیادہ فرق ہوتا ہے، کئی موقعوں پر ایسی مثالیں دیکھنے کو ملی ہیں۔ آج ہمارے دیش کے اندر جو سب سے زیادہ چرچا کا موضوع بنا ہوا ہے، جو مدّعا ہے، وہ سی۔اے۔اے۔ اور این۔آر۔سی۔ کا مدّعا ہے۔ میرے ہی سوال کے جواب میں، اور اتّفاق سے آپ ہی چیئر پر بیٹھے ہوئے تھے، میں نے ایک سوال پوچھا، وہ پورک پرشن تھا، گرہ منترالیہ کا سوال-جواب چل رہا تھا۔ میں نے پوچھا کہ کیا آسام سے باہر کہیں این۔آر۔سی۔ لاگو کرنے کا سرکار کو کوئی وچار ہے، تو اس وقت گرہ راجیہ منتری سب سوالوں کے جواب دے رہے تھے اور جو مکھیہ پرشن تھا، اس کا بھی جواب گرہ راجیہ منتری جی دے رہے تھے، لیکن ہمارے کیبنیٹ منتری، بھارت کے گرہ منتری یہاں سدن میں موجود تھے، انہوں نے ہاتھ سے انہیں روکا اور اس سوال پر کہ این۔آر۔سی۔ دیش کے اندر لاگو کرنے کا وچار ہے یا نہیں ہے؟ انہوں نے خود کھڑے ہو کر، بڑی تال ٹھوک کر کہا کہ انچ انچ زمین پر این۔آر۔سی۔ لاگو ہوگا اور گھس پیٹھیوں کو باہر کیا جائے گا۔ جب کچھ دنوں کے بعد چرچا زیادہ ہوئی، تو مانّئے پردھان منتری جی نے کہا، این۔آر۔سی۔ کا کوئی ذکر ہی نہیں ہے، کئی وکتاؤں نے بھی اس معاملے کا ذکر کیا۔

مانّئے اپ سبھا پتی جی، آپ میری شنکا کا سمادھان کیجئے کہ اس سدن کے پٹل پر بولی گئی بات کو زیادہ اہمیت دینی چاہئے یا رام لیلا میدان کے منچ پر بولی جانے والی بات کو زیادہ اہمیت دینی چاہئے۔ میں سمجھتا ہوں کہ اگر آپ میری شنکا کا سمادھان کریں گے، تو نشچت روپ سے یہ کہیں گے کہ جو بات سدن میں کہی جاتی ہے، اس کی زیادہ اہمیت ہوتی ہے، باہر کے منچوں پر کہی جانے والی بات کو اتنی گمبھیرتا سے نہیں لینا چاہئے۔

سر، کیا حالت ہو گئی ہے؟ ایک آندولن پورے دیش کے اندر چل رہا ہے۔ ان آندولن کے ورودھ میں سبھی ورگوں کے، سبھی دھرموں کے، سبھی جاتیوں کے لوگ ہیں، کسی کے کم ہیں، کسی کے زیادہ ہیں۔

مہودے، لیکن اس آندولن کو ایک خاص دھرم کے ماننے والوں کا آندولن اور اس میں بھی صرف ایک خاص لنگ کے لوگوں کا آندولن، یعنی مہیلاؤں کا آندولن بتا کر پیش کیا جا رہا ہے۔

